राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

पाकिस्तान का खस्ताहाल और ...4



दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

मंगलवार, 21 मार्च 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 89 पृष्ठ 8 | आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## पूर्व मंत्री हाजी याकूब की 31 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति कुर्क होगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी पर पुलिस और प्रशासन का शिंकजा कसता जा रहा है। मेरठ पुलिस ने हाजी याकूब कुरैशी की 31.70 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी की है। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने पिछले वर्ष थाना खरखौदा में मीट फैक्टरी के भीतर अवैध रूप से मीट पैकेजिंग के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस द्वारा कंपनी के निदेशक और सदस्य के खिलाफ कार्रवाई की थी। जांच में पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी द्वारा अवैध कमाई से खरीदी गई लगभग 31 करोड़ 70 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति का पता चला, जिसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गयी। सजवाण ने बताया कि जिलाधिकारी ने कुरैशी की इन चल और अचल संपत्तियों की कुर्की की कार्रवाई का आदेश पारित किया है और जल्द ही कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि चिह्नित संपत्तियों में जमीन और भवन दोनों शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही इनमें 32 के करीब दोपहिया और चार पहिया वाहन तथा कुरैशी और उनके परिजनों के नाम पर खरीदे गए सात भवन भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 31 मार्च, 2022 को हाजी याकूब कुरैशी की फैक्टरी पर पुलिस ने छापा मारा था। याकूब, उनकी पत्नी संजीदा बेगम, बेटे फिरोज, इमरान सहित 17 के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसके बाद, नवंबर 2022 में याकूब परिवार पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया था।



## अमृतपाल की तलाश जारी, वारिस पंजाब दे के खिलाफ एक्शन पर बोलीं आतिशी– सीएम और पंजाब पुलिस बधाई के पात्र

चंडीगढ़। खालिस्तानी कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान तीसरे दिन भी जारी है। वहीं दावा किया जा रहा है कि अमृतपाल की आज शाम तक गिरफ्तारी हो सकती है। उसके चाचा और ड्राइवर ने जालंधर पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है। वारिस पंजाब डे के स्वयंभू प्रमुख अमृतपाल सिंह को शनिवार को जालंधर जिले के माध्यम से एक गहन कार का पीछा करने के बाद पुलिस को चकमा देने के बाद भगोड़ा घोषित किया गया है। अब पूरे मामले पर आम आदमी पार्टी की विधायक और दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जिस हिसाह से दो दिनों से कार्रवाई हुई है उसमें सीएम और पंजाब पुलिस बधाई के पात्र हैं। आतिशी ने कहा कि पंजाब सरकार की पीठ थपथपाते हुए सीएम मान को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पंजाब में अमन चौन भंग करने वालों के खिलाफ सखध्त कारवाई कर भगवंत मान सरकार ने पूरे देश में संदेश दिया है कि कधनून व्यवस्था में बाधा पहुँचाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। साफ है– आप सरकार शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के लिए जीरो टालरेंस नीति अपनाती है। अमृतपाल सिंह और उसके करीबियों को पकड़ने के लिए राज्य भर में और हिमाचल प्रदेश से लगी सीमाओं पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अलगाववादी नेता की तलाश में पंजाब पुलिस ने अब तक उसके 134 समर्थकों को गिरफ्तार किया है। जालंधर के पुलिस कमिश्नर कुलदीप सिंह चहल ने कहा कि ष्यह श्चोरश (चोर) और शसिपाहीश (पुलिस) का खेल है। कभी–कभी, वे (अपराधी) भागने में सफल हो जाते हैं। लेकिन हम जल्द ही उसे (अमृतपाल को) गिरफ्तार कर लेंगे।ष पंजाब में अमन चौन भंग करने वालों के खिलाफ सखध्त कारवाई कर @BhagwantMann सरकार ने पूरे देश में संदेश दिया है कि कधनून व्यवस्था में बाधा पहुँचाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।



## राहुल गांधी पर जमकर बरसे हरदीप पुरी, कहा– उन्हें माफी मांगनी ही चाहिए

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ब्रिटेन के भाषण को लेकर एक बार फिर से निशाना साधा और साफ तौर पर कहा कि स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी का भाव भी आता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह भी कहा कि किसी भी व्यक्ति को भारत के बाहर बोलने की आजादी है लेकिन इसके साथ ही उस व्यक्ति में जिम्मेदारी की भावना होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति देश से बाहर जाता है तो उसे बोलने की आजादी है लेकिन इसके साथ ही वह आजादी भी आती है जिसे मैं उत्तरदायित्व की आवश्यकता कहता हूं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र हैं लेकिन मिस्टर गांधी ब्रिटेन गए और कहा कि भारतीय लोकतंत्र बुनियादी ढांचे पर हमले का सामना कर रहा है। भाजपा नेता ने उन्होंने कांग्रेस को यह भी याद दिलाया कि इंदिरा गांधी के शासन में नागरिक स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया था। पुरी ने अपने बयान में राहुल गांधी के उद्देश्य पर सवाल उठाया और उनसे माफी मांगने को कहा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि राहुल गांधी को स्पष्ट रूप से माफी मांगनी चाहिए। मंत्री ने कहा कि यह केवल इंदिरा गांधी सरकार थी जिसने आपातकाल के दौरान नागरिक स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया था। पुरी ने कहा कि उनकी दादी ने वैध रूप से निर्वाचित राज्य सरकारों को निलंबित और खारिज करने के लिए 50 बार अनुच्छेद 356 का इस्तेमाल किया।

## ओआरओपी बकाये के भुगतान पर दिए फैसले का पालन करने के लिए बाध्य है केंद्रः न्यायालय

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) के तहत पूर्व सैन्य कर्मियों को बकाये का भुगतान करने पर उसके 2022 के आदेश का पालन करने के लिए बाध्य है और उसने केंद्र से 2019–2022 के लिए उन्हें अगले साल 28 फरवरी तक 28,000 करोड़ रुपये की बकाया राशि देने को कहा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने सुनवाई शुरू होने पर ओआरओपी के बकाये के भुगतान पर केंद्र द्वारा सीलबंद लिफाफे में दिए गए जवाब को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने रक्षा मंत्रालय को पूर्व सैन्य कर्मियों को बकाये का भुगतान करने के लिए समय दिया। उसने कहा, ''केंद्र सरकार ओआरओपी योजना के संदर्भ में इस अदालत के फैसले का पालन करने के लिए बाध्य है।'' पीठ ने कहा कि 25 लाख पेंशनभोगियों में से चार लाख ओआरओपी योजना के योग्य नहीं पाए गए क्योंकि उन्हें बढ़ी हुई पेंशन मिल रही थी और केंद्र ने 30 अप्रैल 2023 तक बकाये का भुगतान करने का प्रस्ताव दिया था। न्यायालय ने इस समय सीमा को घटाकर अगले साल 28 फरवरी कर दिया। उसने ओआरओपी योजना के तहत पेंशनभोगियों के विभिन्न समूहों को बकाये के भुगतान के लिए समय दिया। पीठ ने निर्देश दिया कि छह लाख पेंशनभोगी परिवार और वीरता पदक विजेताओं को 30 अप्रैल 2023 तक ओआरओपी के बकाये का भुगतान किया जाए। उसने कहा कि सत्तर वर्ष और उससे अधिक आयु के करीब चार–पांच लाख सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों को इस साल 30 जून तक एक या उससे अधिक किस्तों में ओआरओपी के बकाये का भुगतान किया जाए पीठ ने कहा कि बाकी के 10–11 लाख पेंशनभोगियों को ओआरओपी के बकाये का भुगतान अगले साल 28 फरवरी तक तीन बराबर किस्तों में किया जाए। इसके साथ ही पीठ ने यह साफ कर दिया कि बकाये का भुगतान ''पूर्व सैन्य कर्मियों की पेंशन को समान करने की प्रक्रिया पर असर नहीं डालेगा जो 2024 में किया जाना है।'' सुनवाई शुरू होने पर शीर्ष न्यायालय ने ओआरओपी के बकाये के भुगतान पर केंद्र द्वारा सीलबंद लिफाफे में दिए गए जवाब को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा, ''हमें उच्चतम न्यायालय में सीलबंद लिफाफे में जवाब दिए जाने के चलन पर रोक लगाने की जरूरत है...यह मूल रूप से निष्पक्ष न्याय दिए जाने की बुनियादी प्रक्रिया के विपरीत है।'' प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, ''मैं व्यक्तिगत रूप से सीलबंद लिफाफे में जवाब दिए जाने के खिलाफ हूं। अदालत में पारदर्शिता होनी चाहिए...यह आदेशों को अमल में लाने को लेकर है। इसमें गोपनीय क्या हो सकता है।'' उच्चतम न्यायालय ओआरओपी बकाये के भुगतान को लेकर 'इंडियन एक्स–सर्विसमैन मूवमेंट' (आईईएसएम) की याचिका पर सुनवाई कर रहा है। उच्चतम न्यायालय ने ओआरओपी के बकाये का चार किश्तों में भुगतान करने का ''एकतरफा'' फैसला करने के लिए 13 मार्च को सरकार की खिंचाई की थी।




## खुफिया रिपोर्ट में बड़ा खुलासा, मानव बम तैयार कर रहा था अमृतपाल

### नशामुक्ति केंद्रों और गुरुद्वारे में युवाओं को दी जा रही थी ट्रेनिंग

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि अमृतपाल सिंह की गिरफ्तीार के प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और पुलिस आयुक्तों के नेतृत्व में जिला पुलिस और अर्धसैनिक बलों द्वारा फ्लैग मार्च किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में शांति समिति की बैठकें भी आयोजित की गई है और राज्य में फिलहाल पूरी तरह से शांति और सद्भाव है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि खालिस्तानी अलगाववादी अमृतपाल सिंह पंजाब पुलिस द्वारा राज्य में वारिस पंजाब डी के सदस्यों के लिए बड़े पैमाने पर खोज शुरू होने के बाद से फरार है। अब खबर है कि अमृतपाल सिंह ने ष्मानव बमष की भर्ती के लिए पुनर्वास केंद्रों का इस्तेमाल किया था। खुफिया एजेंसियों के एक डोजियर ने सुझाव दिया कि वारिस पंजाब डे के प्रमुख अमृतपाल सिंह हथियार जमा करने और आत्मघाती हमले करने के लिए युवाओं को तैयार करने के लिए नशामुक्ति केंद्रों और एक गुरुद्वारे का उपयोग कर रहे थे। डोजियर में दावा किया गया है कि सिंह कथित तौर पर पाकिस्तान के आईएसआई और विदेशों में रहने वाले खालिस्तान समर्थकों के इशारे पर पिछले साल दुबई से लौटे थे। मुख्य रूप से युवाओं को ष्खडकूष या मानव बम बनाने के लिए ब्रेनवॉश करने में लगा हुआ था। नशामुक्ति केंद्रों में भर्ती होने वाले युवकों को बहला–फुसलाकर शबंदूक संस्कृतिश की ओर धकेला जाता था। रिपोर्ट में कहा गया है कि मारे गए आतंकवादी दिलावर सिंह का रास्ता चुनने के लिए उनका ब्रेनवॉश किया जा रहा था, जिसने मानव बम के रूप में काम किया और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या कर दी। अब तक पंजाब पुलिस ने वारिस पंजाब डे के 112 सदस्यों को गिरफ्तार किया है और अमृतपाल सिंह की तलाश कर रही है। चल रही जांच के दौरान कई हथियार और गोला–बारूद भी जब्त किए गए हैं। अमृतपाल सिंह के चाचा हरजीत सिंह और ड्राइवर हरप्रीत ने सोमवार को पंजाब के मेहतपुर में आत्मसमर्पण कर लिया। राज्य में मोबाइल इंटरनेट और एसएमएस सेवाओं का निलंबन मंगलवार दोपहर तक बढ़ा दिया गया। अमृतपाल सिंह पिछले महीने अजनाला में एक पुलिस थाने पर हमला करने के बाद से पुलिस के निशाने पर था।



## जिस कंपनी ने दुबई में बनाया बुर्ज खलीफा, वही कंपनी कश्मीर में बनायेगी सबसे बड़ा शॉपिंग मॉल

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर की स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। यहाँ पर्यटकों की संख्या नित नये रिकॉर्ड बना रही है, पहली बार सिनेमाघर और मल्टीप्लेक्स खुल रहे हैं। वह सब सुविधाएं यहां आ रही हैं जोकि देश के अन्य भागों में पहले से थीं और अब श्रीनगर में आने वाला है सबसे बड़ा शॉपिंग मॉल। जी हाँ, हम आपको बता दें कि दुबई स्थित बुर्ज खलीफा को बनाने वाली कंपनी एमार जम्मू–कश्मीर में 500 करोड़ रुपये निवेश करेगी। कंपनी ने केंद्र शासित प्रदेश में पहले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश वाली परियोजना का रविवार को शिलान्यास किया। इस परियोजना के तहत श्रीनगर के बाहरी हिस्से में एक शॉपिंग मॉल और बहुमंजिले भवन का निर्माण किया जाएगा। केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने घाटी में शिलान्यास समारोह के दौरान कहा कि 500 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना में 10,000 से अधिक लोगों को रोजगार देने की क्षमता है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने एमार समूह से परियोजना को तीन साल की समयसीमा से पहले पूरा करने का आग्रह किया। सिन्हा ने कहा, श्यदि संसद परिसर का काम 1.5 साल के भीतर पूरा किया जा सकता है, तो हम निश्चित रूप से इसके तय समय से पहले पूरा होने की उम्मीद कर सकते हैं।श हम आपको बता दें कि केंद्र सरकार के 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू–कश्मीर में यह पहली एफडीआई परियोजना है। इस समारोह के दौरान एमार समूह के सीईओ अमित जैन, बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय और अभिनेत्री नीतू चंद्रा शिलान्यास समारोह में उपस्थित थे। अमित जैन ने कहा कि जम्मू–कश्मीर में उनकी कंपनी के निवेश का गहरा असर होगा। उन्होंने कहा कि हर एक रुपये के निवेश के साथ नौ रुपये का और निवेश होगा। इस तरह 500 करोड़ रुपये का निवेश आगे चलकर 5,000 करोड़ रुपये के निवेश में बदल जाएगा। उधर, अभिनेता विवेक ओबेरॉय ने कहा कि प्रधानमंत्री की इच्छा के अनुरूप जम्मू–कश्मीर आगे बढ़ रहा है और यह सभी के लिए खुशी की बात है।



## खालिस्तान समर्थक सिमरनजीत सिंह के खिलाफ हुई बड़ी कार्रवाई, एनकाउंटर की शंका जताने पर ट्विटर अकाउंट हुआ सस्पेंड

चंडीगढ़। केंद्र सरकार ने पंजाब में जारी वारिस पंजाब दे संगठन के चीफ अमृतपाल सिंह के खिलाफ हो रही कार्रवाई पर पूरी नजर रखी हुई है। इस मामले में किसी भी तरह की गलत बयान बाजी को रोकने के लिए इलाके में इंटरनेट सर्विस भी निलंबित की गई है। इसी बीच प्रशासन ने एक सांसद के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करते हुए उनका ट्विटर अकाउंट सस्पेंड किया है। संगरूर से सांसद और खालिस्तान के समर्थक सिमरनजीत सिंह मान का ट्विटर अकाउंट भारत में सस्पेंड कर दिया गया है। सिमरनजीत सिंह अपने ट्विटर अकाउंट से कई भ्रामक पोस्ट कर रहे थे। उन्होंने आशंका जताई थी कि कट्टरपंथी उपदेशक और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह का एनकाउंटर हो सकता है। उनके इस कदम के बाद उनका अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया है। हालांकि उनकी पार्टी शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) का ट्विटर अकाउंट अब तक चल रहा है। उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान ने भी कहा था कि अमृतपाल का एनकाउंटर किए जाने की संभावना है। उन्होंने कहा था कि अगर अमृतपाल को पकड़ने के बाद उसे कोर्ट में पेश नहीं किया जाएगा तो हम ये समझेंगे कि उसका एनकाउंटर हो गया है। उन्होंने सरकार से अपील की कि सिखों के बीच एक बड़ा मुद्दा बनें ऐसा कोई काम ना किया जाए। बता दें कि खालिस्तान समर्थक सिमरनजीत सिंह शुरू से ही अमृतपाल सिंह का खुले तौर पर समर्थन करते आए हैं। विवादों से रहा है नाताः सिमरनजीत सिंह पहली बार चर्चा में नहीं आए है। खालिस्तानी समर्थक नेता ने वर्ष 2022 में संगरूर सीट से उपचुनाव जीतकर लोकसभा में प्रवेश किया था। वो तीसरी बार सांसद चुने गए है। अमृतपाल का समर्थन करने से पहले उन्होंने एक बयान देकर विवाद खड़ा कर दिया था। उन्होंने कहा था कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगत सिंह आतंकवादी है। इसके पीछे तर्क देते हुए उन्होने इसका कारण भी बताया था। सिमरनजीत सिंह खुले तौर पर भिंडरावाले का समर्थन भी कर चुके है।



### अमृतपाल सिंह का किया बचाव

एक तरफ पूरे पंजाब में अमृतपाल सिंह को ढूंढने की कवायद जारी है। इसी बीच सिमरनजीत सिंह ने दावा किया है कि अमृतपाल ने कानून के खिलाफ कुछ नहीं किया है। पंजाब पुलिस द्वारा अमृतपाल के खिलाफ जारी कार्रवाई को लेकर उन्होंने कहा कि उसे फंसाने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि अमृतपाल ने सिर्फ अपने समर्थक लवप्रीत तूफान की रिहाई की मांग की थी। इसी मांग को लेकर अजनाला थाने में हंगामा किया गया था, जिसके बाद पुलिस वालों को भी अपनी जान बचाकर भागना पड़ा था। हालांकि इस हंगामे और हमले के बाद अजनाला पुलिस थाने से लवप्रीत को रिहा कर दिया गया था।



# नवरात्रि के अवसर पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

## सामाजिक एकता हेतु सामूहिक पूजन का आयोजन आवश्यकरू राघवेन्द्र प्रताप सिंह

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। रविवार को दोपहर डुमरियागंज ब्लाक के सामने भाजपा के नवनिर्मित कार्यालय पर पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बैठक कर आने वाले चौत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर प्रथम दिन दुर्गा सप्तशती पाठ, दुर्गा अष्टमी को अखण्ड रामायण पाठ, रामनवमी को सामूहिक हवन तथा भण्डारे के आयोजन की रूपरेखा बनाई। इस दौरान पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि क्षेत्र के प्रमुख मन्दिरों में सामूहिक पूजन, हवन व भंडारे का आयोजन होगा जिसमें क्षेत्र के सभी हिन्दू जनमानस से सम्मलित होने का आवाहन किया हैं। उन्होंने बताया कि धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक विरासत के अस्तित्व को बचाए रखने हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किये गए कार्य काफी सराहनीय हैं। उन्होंने बताया कि शिवमन्दिर थाना डुमरियागंज, गालापुर वटवासिनी मन्दिर, धनोहरी शिव मन्दिर, बलुआ समय माता मन्दिर, भवानीगंज दुर्गा मन्दिर, हनुमान मन्दिर बजरंगी चौक बेवाँ भटंगवा शिव मन्दिर, बैदौला चौराहा मन्दिर, समय माई मन्दिर डुमरियागंज, भारतभारी शिव मन्दिर, देइपार महेश्वरनाथ शिव मन्दिर, भानपुररानी दुर्गेश्वरनाथ मन्दिर, डिड़ई शिव मन्दिर, बाबा मटेश्वरनाथ मन्दिर मिठवल, बागेश्वरी मन्दिर ध गौरहरा भटपुरवा आदि मन्दिरों में आयोजन होगा । उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार जो भक्त नवरात्रि में दुर्गा सप्तशती का पाठ करता है उसे सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार नवरात्रि में मां अपने भक्तों के कल्याण के लिए धरती पर आती हैं। नवरात्रि में दुर्गा सप्तशती का पाठ करने से किसी भी तरह के अनिष्ट का नाश हो जाता है और परिवार में सुख–समृद्धि आती है। दुर्गा सप्तशती सब तरह की चिंताओं, क्लेश, शत्रु बाधा से मुक्ति दिलाती है। ऐसे आयोजन के माध्यम से समाज में आपसी भाईचारा, तालमेल एवं सौहाद्र बढ़ता है। उन्होंने सभी से व्याहारिक, सामाजिक और आध्यात्मिक बन कर समाज में एकता बनाने और अपनी सभ्यता और संस्कृति को बनाए रखने हेतु ऐसे आयोजनों में सम्मिलित होने की अपील की है। इस दौरान भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



### .21 को होगा डुमरियागंज महोत्सव 2023 का आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। रविवार को दोपहर पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने नवनिर्मित भाजपा कार्यालय पर सभी हिन्दू जनमानस को चौत्र शुक्ल प्रतिपदा हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत् 2080 की अग्रणी बधाई देते हुए बताया कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी धर्म रक्षा मंच के तत्वाधान में हिन्दू नव वर्ष के पूर्व संध्या पर डुमरियागंज महोत्सव 2023 कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 21–03–2023 दिन मंगलवार को सायं 6:00 बजे राजकीय कन्या इण्टर कालेज के प्रांगण में किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भारत माता की आरती, घाटा मेंहदीपुर बालाजी सरकार की भव्य श्रृंगार व महाआरती, प्रसाद वितरण तथा विशाल भण्डारे का कार्यक्रम है, जिसमें प्रसिद्ध कलाकारों का आगमन हो रहा है। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत सहित क्षेत्र के अधिक से अधिक सनातनियों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आवाहन किया है। इस दौरान भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## सेमरा हत्या कांड का खुलासा एक गिफ्तार

बस्ती। जनपद के रुधौली थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सेमरा में 18 मार्च को सरसों के खेत में धारदार हथियार से किये गए महिला के हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस कप्तान कृष्ण गोपाल चौधरी ने बताया कि उक्त हत्याकांड में मृतिका के पड़ोसी अजय कुमार यादव पुत्र श्याम सुंदर यादव को आज सुबह रुधौली थाना क्षेत्र अंतर्गत भीटा रामसेन के पास से गिरफ्तार किया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए श्री चौधरी ने बताया कि मृतका और हत्या आरोपी दोनों पड़ोसी है और लंबे समय से विवाद चल रहा है घटना के दिन हत्या आरोपी सरसों के खेत देखने गया था जहां सुबह विवाद में महिला की हत्या कर दी गई थी अभियुक्त के पास से एक अदद धारदार हसिया,अभियुक्त का कपड़ा (जला हुआ) बरामद कर पुलिस ने जेल भेज दिया।



## 7लाख 60 हजार के सामान के साथ तीन चोर गिफ्तार

बस्ती। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतगर्त विभिन्न मोहल्लों में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले तीन चोरों को शहर कोतवाल शशांक शेखर राय व स्वाट टीम प्रभारी उमाशंकर त्रिपाठी की संयुक्त टीम गिरफ्तार किया।उक्त जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक कृष्ण गोपाल चौधरी ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर हुई चोरियो को अंजाम देने वाले 3 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए है। जिसमे साजिद हुसैन उर्फ सादिक उर्फ गोली पुत्र कलामुद्दीन निवासी कंचन टोला गाधीनगर थाना कोतवाली जनपद बस्ती, शहजाद उर्फ जादू पुत्र मोहम्मद सईद सा0 कचंन टोला थाना कोतवाली जनपद बस्ती तथा महमूद आलम उर्फ गुड्डू पुत्र हयातुल्लाह निवासी हनुमानगढ़ी को गिरफ्तार किया गया इनके पास से बस्ती कोतवाली के तुरकहिया मुहल्ले में चोरी किये गये सामान व पैसे जिसकी अनुमानित कीमत 7 लाख 60 हजार बरामद हुआ।



## विधायक रमापति शास्त्री ने क्षेत्र का दौरा कर जनता की सुनी समस्याएं

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक रमापति शास्त्री ने विधानसभा मनकापुर क्षेत्र का दौरा कर दर्जनों स्थानों पर पहुंचकर जनता की सुनी समस्याएं निराकरण कराने का दिया आश्वासन। मनकापुर विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री अपने कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जाकर जनता की समस्याएं सुनकर उनकी समस्याओं का निराकरण कराने का आश्वासन दिया इस दौरान उनके साथ बाबूलाल शास्त्री वेद प्रकाश दुबे जनार्दन प्रसाद तिवारी मंडल अध्यक्ष भाजपा यूपी सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख मनकापुर केके सिंह ओम प्रकाश पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता उनके साथ में मौजूद रहे मनकापुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जाकर जनता की समस्याएं सुनी और उन्हें न्याय तथा मामले के निस्तारण कराने का आश्वासन दिया इस दौरान सभी भाजपा नेताओं ने क्षेत्र के जनता से कहा कि अगर किसी को कोई परेशानी हो तो क्षेत्र में हमारे कार्यकर्ता हमेशा आप लोगों को मिल जाएंगे उनसे आप अपनी परेशानी बताएं जिसका निस्तारण कराना हमारा कर्तव्य है।





# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटियाथोक,गोण्डा। रविवार को थाना क्षेत्र निवासिनी एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की मां गीता देवी ने थाने में तहरीर देकर ससुराली जनों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। इटियाथोक थाना क्षेत्र के हिंदू नगर खास निवासिनी निराश्रित महिला गीता मिश्रा ने बताया कि अपनी पुत्री बबीता (27) का विवाह वर्ष 2018 में गांधी चबूतरा निवासी अवधेश मिश्रा पुत्र गुड्डू मिश्रा के साथ की थी। 4 मार्च 2020 में गौना दिया था। तभी से ससुरालीजन पुत्री को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए मारते पीटते थे तथा दहेज में 10 बीघे जमीन की मांग कर रहे थे। जिसकी सूचना पुत्री के द्वारा कई बार दी गई अपनी गरीबी का हवाला देते हुए बेटी व ससुराल पक्ष के लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास करती रही बावजूद लोभी ससुराली जन अपनी आदत से बाज नहीं आए और पुत्री को प्रताड़ित करते रहे। रविवार दोपहर बाद ससुराल पक्ष से फोन पर जानकारी दी गई की तुम्हारी लड़की की मृत्यु हो गई। परिजनों के साथ मौके पर पहुंची तो देखा लड़की का शव बेड पर पड़ा हुआ ससुरालीजन मौके से फरार थे। मृतका बबीता की दो बच्चियां है जिनमें से एक की उम्र ढाई वर्ष व दूसरे की उम्र महज 6 माह है। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतका के मां के तहरीर पर पति, सास व ससुर के विरुद्ध दहेज हत्या समेत सुसंगत धाराओं में मुकदमा किया गया है।




## गैस सिलेंडर के साथ अभियुक्त को 24 घंटे के अन्दर किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। थाना नगर पुलिस टीम द्वारा थाना नगर क्षेत्रान्तर्गत भारत गैस एजेंसी से चोरी हुए एक अदद एलपीजी गैस सिलेंडर व एक अदद वीवो मोबाइल के सम्बन्धा में पंजीकृत मु0अ0सं0 82ध2023 धारा 380ध457ध411 प्च्ब् से संबंधित अभियुक्त शेख मोहम्मद यूसुफ को थाना नगर क्षेत्रान्तर्गत एमपी धर्मकांटा गोटवा बाजार से गिरफ्तार कर न्यायालय बस्ती रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण शेख मोहम्मद यूसुफ पुत्र मोहम्मद याकूब शेख निवासी ग्राम गोटवा थाना नगर जनपद बस्ती वर्तमान पता सुदर्शन सोसाइटी शिव टेकड़ी वर्षा नगर पार्क साइट बिखरौली पश्चिम मुम्बई। बरामदगी का विवरण एक अदद भारत एलपीजी गैस सिलेंडर।एक अदद वीवो मोबाइल। एक अदद स्प्लेंडर मोटरसाइकिल घटना में प्रयुक्त गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम थानाध्यक्ष नगर जनार्दन प्रसाद प्रभारी चौकी फुटहिया उ0नि0 प्रदीप कुमार सिंह आरक्षी अजीत कुमार गुप्ता, आरक्षी अभिषेक साहनी।




# थाना छावनी आपकी सेवा में आपके के साथ सदैव खड़ी रहेगी

### थाना छावनी पुलिस द्वारा चलाई जा रही मुहिम थाना आपके द्वार करें विवादों का निपटारा



दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। पुलिस अधीक्षक बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी के आदेश के क्रम मे जनपद बस्ती व अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्रनाथ चौधरी के निर्देश में क्षेत्राधिकारी हरैया शेषनाथ मणि उपाध्याय के निकट पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष छावनी बस्ती दुर्गेश पांडेय के नेतृत्व में थाने पर जन सुनवाई की गई। तथा ग्राम सेवरालाला में दो पक्षों के बीच बहुत लंबे समय से चल रहे विवादों को थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय के द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किया गया और बताया गया कि आप दोनों लोग को एक ही गांव में रहना है। किसी भी बात को लेकर आप लोग आपस में ना लड़े एक दूसरे की मदद करते रहें जिससे सामाजिक भावना अन्य लोगों में भी उत्पन्न हो। थानाध्यक्ष के सामाजिक विचारधारा को दोनों पक्ष राजी खुशी माने। साथ ही साथ थानाध्यक्ष के द्वारा ग्राम के समस्त लोगों को यह भी बताया गया कि आने वाले त्यौहार रामनवमी व रमजान बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है यदि किसी प्रकार की समस्या आने वाले त्योहार में हो तो मुझे तुरंत अवगत कराएं जिससे मैं समस्या का समाधान कर सकूं।

## सूचना

**मै शेषमणी प्रसाद विश्वकर्मा उर्म 55 वर्ष पुत्र बलिराज प्रसाद ग्राम थरौली ,निकट श्री सिंहेश्वरी मंदिर, नगर पालिका परिषद सिद्धार्थ नगर का निवासी हूॅ। मै यह शपथ पत्र देता हु की मेरा लडका रमेश विश्वकर्मा पुत्र शेषमणी प्रसाद विश्वकर्मा मेरा कहा नही मानता हम शपथकर्ता व हम शपथकर्ता की पत्नी को काफी प्रताड़ित करता है और काफी दुष्ट प्रवृति का है प्राय झगड़ा करता रहता है तथा चरित्र ठीक नहीं है हम शपथकर्ता उसके अशिष्ट व्यवहार से काफी दुखी हैं हम शपथ कर्ता अपने पुत्र रमेश विश्वकर्मा से अब कोई वास्ता व सरोकार नहीं रखता रखा हूॅ बयान बहाल बयान कर्ता हॅु व कसम खाता हू कि उक्त पैरौं जिस कारण बिना किसी जब्र व दबाव के अपने लडके रमेश विश्वकर्मा को सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हु। मेरी सम्पत्ति से रमेश विश्वकर्मा का कोई वस्ता व सरोकार नहीं रहेगा। इसके द्वारा किये गये कार्य के लिये वह स्वंय उत्तरदायी होगा मेरा व मेरे परिवार का उसके किसी भी कार्य से कोई लेना देना नही होगा। भविष्य मे यदि कोइ भी व्यक्ति रमेश विश्वकर्मा से कोइ लेन–देन करता है या कोइ भी मुकदमा या कानूनी कार्यवाही होती तो वह स्चंय का जिम्मेदार होगा।**

**प्रार्थी**
**शेषमणी प्रसाद विश्वकर्मा पुत्र**
**बलिराज प्रसाद ,ग्राम थरौली निकट**
**श्री सिंहेश्वरी मंदिर**
**नगर पालिका परिषद सिद्धार्थ नगर**

**दिनांक : 20.03.2023**

# दंत चिकित्सक डाक्टर जीतेन्द्र कुमार ने किया गुटखा खाने से बचने का अपील

दैनिक बुद्ध का संदेश

मनकापुर,गोण्डा। नशा मुक्ति अभियान के तहत केजीएमयू के दंत चिकित्सक डाक्टर जितेंद्र कुमार ने अपने पैतृक आवास पर प्रेस वार्ता कर मिडिया के सामने वर्तमान दौर मे समाज मे नशा करने से हो रही हानियाँ एवं उपाय पर चर्चा कर समाज के लोगो से गुटखा खाने से बचने के लिए अपील किया और कहा की वर्तमान समाज मे अधिकांश लोग गुटखा कहा कर कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों के चपेट मे आरहे है जिससे उनका जीवन दुखमय हो जाता है और इसका प्रभाव उनके परिजनों के ऊपर पड़ता है अतः हमारा उन लोगो से अपील है की गुटखा जैसी नशे की वस्तुवो को सेवन न करे इसके लिए हमारे कई चिकत्सको के रिसर्च के माध्यम से एक प्रोजेक्ट के रूप मे हैबिकूईट नाम से पाउच तैयार किया गया है जिसकी कीमत पांच रुपया प्रति पाउच है इसका सेवन करने से गुटखा और तम्बाकू का सेवन धीरे धीरे छूट जाएगा फिर उसे तम्बाकू, गुटखा का लत खत्म हो जाएगा और अभी तक इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं हुवा है इसके लिए वह बड़े पैमाने पर लोगो तक पहुंचाने का कार्य किया गया। साथ ही साथ उन्होंने ने अपना विचार रखते हुए की हमारा प्रयास है हम समाज मे शिक्षा देने के लिए गरीब असहाय घर के बच्चो के लिए निजी निःशुल्क लाइब्रेरी खुलवाकर उसमे देश के महात्मा, महापुरुष, बीर पुरुषो सहित सभी लोगो के बारे पुस्तक रहेगा जिससे उनके बारे मे विचार को प्राप्त कर अपने क्षेत्र के अच्छे विचार एवं उत्तम शिक्षा के माध्यम से बच्चो के अंदर ज्ञान की क्रांति लाने का कार्य करेंगे जिससे हमारे क्षेत्र के लोगो का विकास हो और वह देश और समाज के लिए आदर्श नागरिक बन कर देश का मान बढ़ाएगे और हमारा देश विकसित हो सकेगा।




## कोरिया बिच्छू ने जनपद बलरामपुर में कार्यक्रम किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर,बलरामपुर। जिले के विकासखंड गैसड़ी के ग्राम पंचायत नौबस्ता कला के नेपाल बॉर्डर सिद्धार्थ नगर से दक्षिण कोरिया के बुद्धिस्ट आप कोरिया के भिक्षुओं ने गौरा चौराहा प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार यादव की सुरक्षा में पैदल यात्रा करते हुए नौबस्ता कला के मजरा सेमरी में जलपान किया तत्पश्चात पैदल यात्रा करते हुए जैतापुर चौराहे पर स्थित जैतापुर के प्रधान प्रतिनिधि डॉ फतेह बहादुर और ग्रामीणों ने फूल माला से उनका स्वागत करते हुए ग्राम पंचायत महुआ के बिशनपुर में प्राथमिक विद्यालय महुआ में विश्राम किया इसके बाद पैदल यात्रा करते हुए लगभग 200 की संख्या में दक्षिण कोरिया के बुद्धिस्ट सदरपुर उच्च माध्यमिक विद्यालय में पेयजल स्वच्छता की व्यवस्था प्रशासनिक स्तर के आला अफसर भी मौजूद रहे, बुद्धिस्ट रिपब्लिक आफ कोरिया के गाइडलाइन के अनुसार पूछने पर बताया वरना इस मार्च 2023 से रामपुर परसा में जयंती प्रसाद मेमोरियल स्कूल में विश्राम करेंगे 20 मार्च को वत्स विद्यालय बलरामपुर में रात्रि विश्रामकरेंगे 21 मार्च को सुबह श्रावस्ती मैं पहुंचकर अन्य कार्यक्रम करेंगे।



# आज से होगा पुरानी पेंशन के मुद्दे पर केन्द्रीय व राज्य कर्मचारी एकजुट आंदोलन

सिद्धार्थनगर। पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली संयुक्त मंच के प्रांतीय पर्यवेक्षक और राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति ने सभी कर्मचारियों से अपील की है कि कल होने वाले महा आंदोलन जिसमें केन्द्रीय, राज्य कर्मचारियों, शिक्षकों एवं पेंशनर्स का समेकित मंच के बैनर तले 21 मार्च 23 को जनपद मुख्यालयों पर बड़ा प्रदर्शन व कर्मचारी शिक्षक समाज बड़ा मुद्दा लेकर पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे को लेकर व्यापक रणनीति बनाई है। आन्दोलन को धार देने के लिए रेलवे, डाक, आयकर, पासपोर्ट, आकाशवाणी, दूरदर्शन, के साथ लेकर राज्य कर्मचारी संगठनों में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, कलेक्ट्रेट मिनिस्टीरियल एसोसिएशन, डिप्लोमा इंजीनियिर्स महासंघ, उघान, सिंचाई, परिवहन, कोषागार, निबंधन, लोकनिर्माण विभाग, कृषि, मण्डी, प्रदूषण नियंत्रण, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, अल्प बचत, रजिष्टार चिटफण्ड, श्रम, शिक्षा, राजस्व, ग्राम विकास, ग्राम पंचायत, सफाई कर्मचारी, आईटीआई, बाल विकास पुष्टाहार, खाद्य रसद, सहित सैकड़ों विभाग के सेवा संगठनों ने मिलकर 21 जनवरी को नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय सम्मेलन में पुरानरी पेंशन बहाली के लिए आन्दोलन की रूपरेखा बनाई थी। नई पेंशन योजना वापस लेने एवं पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच के बैनर तले राष्ट्र व्यापी आन्दोलन का निर्णय लिया जा चुका है। इसी क्रम में कल 21 मार्च 23







को जनपद मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया जा रहा है। राज्य कर्मचारियों, शिक्षको,केन्द्रीय कर्मचारी संगठनों को भी अपने साथ लेकर 20 मार्च कों लखनऊ में प्रेस वार्ता में केन्द्रीय कर्मचारी संगठन रेलवे के आर.के. पाण्डेय, परिषद से हरिकिशोर तिवारी, शिवबरन सिंह यादव, ने बताया कि 2004 से नव परिभाषित अंशदान पेंशन योजना से पूरे कर्मचारी, शिक्षक समाज का भविष्य अंधकार मय हो गया है। कई बार उच्च स्तरीय बैठक पर नई पेंशन योजना का हर स्थिति में विरोध दर्ज कराया गया लेकिन सरकार ने अब तक ध्यान नही दिया। परिणाम स्वरूप एक राष्टव्यापी मंच का गठन कर पुरानी पेंशन बहाली के लिए एक निर्णायक आन्दोलन की शुरूआत की जा रही है। पोस्टल आर्डर के शत्रुहन यादव ने पुरानी पेंशन के मामले में सरकार का ध्यान आकृषित कराते हुए कहा कि कर्मचारी शिक्षक समाज को हर हाल में पुरानी पेंशन बहाली चाहिए। परिषद के अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी ने कर्मचारियों और शिक्षक के फण्ड का पैसा शेयर बाजार में लगाए जाने का पुरजोर विरोध करते हुए इससे होने वाले नुकसान की जानकारी दी। उन्होंने तर्क से साथ कहा कि पुरानी पेंशन बहाली से सरकार के ऊपर कोई फर्क नही पड़ने वाला। जनवरी 2044 से केन्द्रीय कर्मचारियो तथा अर्प्रैल 2005 से उ0प्र0 ने नई पेंशन योजना को यह कहकर लागू कर दिया था कि प्रस्तावित नई व्यवस्था भी पुरानी पेंशन जैसी होगी। कर्मचारियों को कोई नुकसान नही होगा। किन्तु इतने दिनों में यह बॉत सिद्ध नही हो पाई। उल्टे सेवानिवृत्त हो रहे कार्मिकों को 2000 से 5000 हजार तक ही पेंशन राशि मिल पा रही है। उदाहरण देते हुए बताया गया कि सिंचाई विभाग उ.प्र. बाबू लाल, अरूण त्रिपाठी, प्रेमबाबू शीतलाबक्स सिंह और गजानन्द पाण्डेय को नई पेंशन के तह्त शुन्य है। जबकि रेलव से सेवानिवृत्त आर. रामचन्द्रन और के. भास्कर राव को क्रमशः 2417 रूपये और 2506 रूपये मात्र पेंशन मिल रही है। जबकि पुरानी पेंशन व्यवस्था में यह राशि न्यूनतम 15000 रूपये होती थी।ऐसे में इस महंगाई में यह राशि कर्मचारी के बुढ़पें का क्या सहारा बन पाएगी। ऐसी स्थिति में पुरानी पेंशन व्यवस्था ही एक सामाजिक सुरक्षा है इसे हर हाल में लागू किया जाए। पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच द्वारा पूरे देश से महामहिम राष्ट्रपति को आनलाईन पिटीशन भेजी गई, 21 फरवरी पुरानी पेंशन के लिए रेलवे कार्यालयों के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया जा चुका है। 21 मार्च में देश भर के सभी जनपद मुख्यालयों में प्रदर्शन के साथ मंच द्वारा सितम्बर तक क्रमवार आन्दोलन जारी रखा जाएगा।

# उप जिलाधिकारी ने किया जिला स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का उद्घाटन

सिद्धार्थनगर। प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में नवप्रवर्तनों को बढ़ावा दिए जाने हेतु विशेष बल दिया जा रहा है। जिसमें असंगठित क्षेत्र के नव अन्वेषकोंध नवप्रवर्तको,जो ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में कार्यरत हैं ,के सृजनात्मक एवं रचनात्मक शोध एवं अन्वेषण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तको हेतु जिला स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन जनपद के असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तको के प्रोत्साहन हेतु एक रचनात्मक कदम है ।इस दिशा में जिला विज्ञान क्लब द्वारा वैज्ञानिक प्रयास किया जा रहा है ।विचार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उ प्र शासन तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उ प्र के संयुक्त तत्वावधान में जिला विज्ञान क्लब सिद्धार्थनगर द्वारा डायट परिसर में असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तको हेतु जिला स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन






करते हुए प्रमोद कुमार प्रतिनिधि । जिलाधिकारीध्उप जिलाधिकारी बासी ने संबोधित किया। अध्यक्षीय संबोधन में उपेंद्र कुमार उप शिक्षा निदेशकध्प्राचार्य डायट बासी क्षेत्र ने नवप्रवर्तन के क्षेत्र मे जिला विज्ञान क्लब द्वारा आयोजित उक्त वैज्ञानिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि असंगठित क्षेत्र के नव अन्वेषकों द्वारा कृषि तथा घरेलू उपयोग के सामान,जैव विविधता के सृजनात्मक उपयोग,पौधों की प्रजातिया ,जड़ी बूटी,ऊर्जा उत्पादनध्संरक्षण के उपकरण आदि पर वैज्ञानिक से सृजनात्मक मॉडल प्रस्तुत कर जनपद में नवप्रवर्तन की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया जा रहा है। इस अवसर पर जनपद के तमाम असंगठित क्षेत्र के लोगों द्वारा विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर नवप्रवर्तन से संबंधित वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए गए ।जिसमें उत्कृष्ट प्रतिभागी अभिषेक चौधरी द्वारा बनाए गए वैज्ञानिक मॉडल क्राप सिक्योरिटी अलार्म तथा उदित नारायण द्वारा मिट्टी के घड़े द्वारा निर्मित कूलर ,अभय द्वारा बनाए गए केले के रेशे से गमले ,मनीष द्वारा मिट्टी के घड़े के माध्यम से जल शुद्धीकरण प्रणाली यंत्र, कंचन मौर्या द्वारा प्राकृतिक सूचक अश्वनी राय द्वारा निर्मित राकेट का मॉडल प्रस्तुत करने पर पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उल्लेखनीय योगदान देने पर खंड शिक्षा अधिकारी खेसरहा कामता प्रसाद ,अभिषेक केसरी प्रतिनिधि कौशल विकास मिशन, रितेश कुमार जिला समन्वयक निर्माण, एसआरजी अंशुमान सिंह ,ए आर पी नेबूलाल ,डायट प्रवक्ता मोहम्मद यूनुस , अनुराग कुमार श्रीवास्तव ,डॉ प्रतिभा सिंह, बद्रीनाथ त्रिपाठी,समजर बिंद ,फुलकान अहमद ,अनिल कुमार बिंद , मार्तंड कुमार ,एमके धवन समेत तमाम लोगों को मुख्य विकास अधिकारी की तरफ से सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता वी एन त्रिपाठी तथा अतिथियों का स्वागत जिला समन्वयक सच्चिदानंद व आभार ज्ञापन सिद्धार्थ शंकर ने किया ।इस अवसर पर निशांत सिंह, दिनेश कुमार अग्रहरी रत्नेश कुमार सिंह ,धीर सिंह चौहान , सारिका पवार ,मो शाहिद खान, स्तुति मिश्रा , प्रियंका सिंह , रजनी जायसवाल समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# हनुमान जपते राम–राम.. तार दिया सारा जमाना से झुमा पंड़ाल

## मेंहदीपुर बालाजी सेवा संस्थान रामसेवक मंडली द्वारा रविवार शाम को भंडारे का आयोजन

बर्डपुर, सिद्धार्थनगर। मेंहदीपुर बालाजी सेवा संस्थान रामसेवक





मंडली द्वारा रविवार शाम को भंडारे का आयोजन किया गया। जहां भक्तों ने प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही बाला जी के जयकारे लगाए। रात 10 बजे तक चले भंडारे में प्रसाद के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इस दौरान सुंदर पाठ एवं भजन कीर्तन भी हुए जिसे सुनकर श्रद्धालु झूम उठे।नगर पंचायत कपिलवस्तु स्थित बुद्ध विद्या पीठ इंटर कॉलेज बर्डपुर में भंडारा हुआ। केसरिया रंग में बने पंडाल में हुए कार्यक्रम की शुरूवात हुई। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के बाद कार्यक्रम समाप्त हो गया। सांसद जगदंबिका पाल ने पूजन–अर्चन किया। शाम को गायकों ने भक्तों के साथ सुंदरकांड पाठ का वाचन किया। आरती के तत्पश्चात भजनों की अविरल धारा बही। हनुमान जपते राम–राम.. तार दिया सारा जमाना, बाबा हमको भी तारो ,वीर हनुमाना अति बलवाना, राम नाम सियो रे, प्रभु मन बसियो रे, हरे राम,रहे रामा, भजते हनुमाना, इस मंत्र की महिमा को, सारे जग ने जाना भजन सुनकर श्रद्धालु झूम उठे। इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल, विधायक प्रतिनिधि सत्यप्रकाश राही,अमन मोदनवाल, संदीप गुप्ता,राजन पाण्डेय, अमित उपाध्याय, प्रदीप गुप्ता,सुभम मोदनवाल,अजय कसौधन जिलाध्यक्ष व्यापार मंड़ल संघ आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

# उ.प्र.उद्योग व्यापार संगठन ने चलाया सदस्यता अभियान

उसका,बाजार सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन



के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बस्ती मण्डल अध्यक्ष जगदीश अग्रहरी के निर्देश पर उसका इकाई अध्यक्ष धनेश वर्मा एवं महामंत्री अभिषेक त्रिपाठी की अगुवाई में स्थानीय नगर क्षेत्र में रविवार से सदस्यता अभियान चलाकर लोगो को तेजी से जोड़ने का कार्य किया जारहा है। उद्योग व्यापार संगठन के इस अभियान के तहत अब तक लगभग छः सौ से भी अधिक व्यापारियों को जोड़ा जाचुका है। उक्त पदाधिकारियों के साथ संगठन के लगभग आधे दर्जन पदाधिकारियो की टीम नगर के परती, रेहरा, उसकाराजा, उस्किया आदि स्थानों पर भ्रमण करते हुए उवप्रव उद्योग व्यापार संगठन से लोगो को जोड़कर व्यापारी समाज को एकजुट होने का आह्वान कर रहे हैं। इस दौरान संगठन पदाधिकारीगण व्यापारियों की समस्याओं को सुनते हुए उनकी समस्या समाधान के लिए आश्वस्त भी कर रहे हैं। व्यापारी नेता द्वय ने कहा कि व्यापारी वर्ग की जो भी समस्या सामने आरही है, उसे निश्चित रूप से जिम्मेदारों के समक्ष रखेंगे। वक्ताओं ने कहा व्यापारियों की आवाज को शासन प्रशासन तक मुखर कर उनके हक हकूफ के लिए कोई कोर कसर नही छोड़ेंगे। जिससे कि व्यापारी अपने व्यवसाय को शांतिपूर्वक कर सकें। सगठन के इकाई अध्यक्ष धनेश वर्मा और महामंत्री अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि इस सदस्यता अभियान का मूल उद्देश्य संगठन को और अधिक सक्रिय व मजबूत बनाते हुए व्यापारियों को एकजुट कर उनके हित रक्षा में हर संभव प्रयास सुनिश्चित कराना है।

# हाउस टैक्स और वाटर टैक्स करेंगे माफ– जिलाअध्यक्ष महेश कुमार राव

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। 15 दिनों तक ।।च् चलाएगी सदस्या अभियान,



नगर पंचायत के वार्ड में 100, नगर पालिका के वार्ड में 500 नगर निगम के वार्ड में 1000 सदस्य बनाए जाएंगे रू जिला प्रभारी सत्य प्रकाश पटेल निकायध्वार्डों में अध्यच और कमेटियों का किया जाएगा गठन रू जिला अध्यक्ष महेश कुमार राव जिला–सिद्धार्थनगर जिला अध्यक्ष महेश कुमार राव ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि निकाय चुनाव आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी का प्रत्याशी विजई होता है तो हम हाउस टैक्स हाफ और वाटर टैक्स माफ करेंगे साथ ही शहर में सफाई कि उचित व्यवस्था कि जाएगी। जिला प्रभारी सत्य प्रकाश पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश के 763 नगर निकायों में आम आदमी पार्टी अपने प्रभारी घोषित कर दिए हैं जिनमें हमारे जिले सिद्धार्थ नगर में नगर पंचायतों में 07 प्रभारी बनाए जा चुके है।

# बर्डपुर मंडल में शुरू हुआ बूथ सशक्तिकरण अभियान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बर्डपुर। भारतीय जनता पार्टी







संगठन नेतृत्व द्वारा चलाए जा रहे बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत सोमवार को भारतीय जनता पार्टी बर्डपुर मंडल के शक्ति केंद्र बर्डपुर नंबर 9 प्रथम अंतर्गत बूथ संख्या 58 पर मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय की अध्यक्षता में बूथ सशक्तिकरण का अभियान चलाकर बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुख का गठन किया गया। अभियान में भारती। य जनता पार्टी गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष तथा जनपद सिद्धार्थनगर के प्रवासी प्रभारी संजीव राय तथा जिलाध्यक्ष गोविंद माधव की उपस्थिति में उक्त बूथ समिति का गठन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा वंदे मातरम् के पश्चात हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रवाद संजीव कुमार राव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन बूथ को केंद्रित करते हुए कार्य करती है और बूथों की सशक्त टीम के अथक परिश्रम एवं मेहनत के बल पर भारतीय जनता पार्टी आज देश और प्रदेश में दूसरी बार विराजमान है। उन्होंने कहा कि जब हमारी बूथ की कमेटी मजबूत होगी तो हमारा संगठन भी मजबूत होगा भारतीय जनता पार्टी का संगठन जातिवाद, ऊंच–नीच एवं अन्य अवधारणाओं को खंडित करते हुए सर्वव्यापी तथा सर्व समावेशी होता है। उन्होंने मंडल के सभी समय सीमा में गठन करते हुए कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों का डाटा सरल एप पर अपलोड किए जाने को लेकर कहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने मोदी योगी सरकार की उपलब्धियों को भी गिनाया और कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत एक सशक्त राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ रहा है पहले वाले जो आजादी के 75 वर्षों में रुके हुए विकास कार्यों को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा है। उन्होंने नवसृजित नगर पंचायत कपिलवस्तु में भी विकास का पहिया तेजी से दौड़े इसको लेकर के आगामी होने वाले निकाय चुनाव को लेकर कपिलवस्तु नगर पंचायत में भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन की सरकार को बनाने को लेकर कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं जनमानस से अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद माधव ने सत्यापन के दौरान उपस्थित समिति के सदस्यों तथा पन्ना प्रमुख आदि का वृत्त लेते हुए उन सभी से संगठन के प्रति सदैव तत्पर रहने तथा आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक बार पुनः पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने को लेकर अपील की। इस दौरान जिला महामंत्री विजय कांत चतुर्वेदी, विपिन सिंह कन्हैया पासवान, जिला मंत्री फतेह बहादुर सिंह, मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय, शक्ति केंद्र संयोजक विवेक गोस्वामी, शक्ति केंद्र प्रभारी अरविंद उपाध्याय, मंडल उपाध्यक्ष संतोष उपाध्याय , अल्प कालिक विस्तारक आर्यन कसौधान, बूथ अध्यक्ष अनिल गोस्वामी, महामंत्री विनय राव, आईटी सेल के विनय कुमार वर्मा सत्यनारायण कसौधन सोशल मीडिया पवन पाठक, लक्ष्मण चौरसिया, जवाहिरलाल, अकबाल हुसैन, दूधनाथ, अवधेश, लालू, संतराम सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नवागत बीडीओ का पूर्व विधायक व प्रधान संघ ने किया स्वागत

बांसी, सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड बांसी के नवागत खण्ड



विकास अधिकारी लालजी शुक्ल का सोमवार को पूर्व विधायक लालजी यादव व ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप चौरसिया की अगुवाई में प्रधान संघ ने बुके प्रदान कर स्वागत किया। इस अवसर पर बीडीओ श्री शुक्ल ने कहा कि उनके स्तर से प्रधानों के हर समस्या का समाधान किया जाएगा। शासन के मंशानुरूप विकास कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। उक्त दौरान रविंद्र कुमार, ओम प्रकाश, राजन श्रीवास्तव, प्रदीप मौर्य, फिरोज खान, मुस्ताक अली, धीरज कुमार, ओम प्रकाश द्विवेदी, जयप्रकाश यादव, विष्णु सहाय, सुरेंद्र कुमार, रमेश कुमार आदि सहित तमाम प्रधान मौजूद रहे।

# बारिश ने किसानों के अरमानों पर फेरा पानी

बांसी, सिद्धार्थनगर। बीते 2 वर्षों से बाढ़ ने जहां क्षेत्र के किसानों को बर्बाद कर दिया, वहीं अब बेमौसम बारिश ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया है। सोमवार तड़के 3 बजे से तेज गरज चमक के साथ जोरदार बारिश हुई। जिससे किसानों की अधपकी गेहूं व तैयार सरसो की फसल गिरकर बर्बाद हो गई। समाचार लिखे जाने तक बूंदाबांदी जारी रहा। जिसे देख किसानों का होश गुम है। फसल के भरोसे अरमान पाले मध्यम किसानों की मौसम ने कमर तोड़ दी है। दो वर्षों से बाढ़ की चलते किसानों की धान की फसल पहले ही बर्बाद हो गई हैं। तमाम किसानों को कोई मुआवजा भी नही मिला। जैसे तैसे कर रबी की फसल तैयार खड़ी थी, जिसे मौसम निगलने को तैयार है। ऐसे में लाचार किसानों को कुछ नही सूझ रहा है।

# शांतिभंग में पुलिस ने चार अभियुक्त को किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

देवरिया,गोंडा। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर गोंडा अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर जनपद गोंडा के निर्देशन में थानाध्यक्ष मोतीगंज प्रबोध कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने के अंदेशा में चार अभियुक्त को गिरफ्तार किया। मोतीगंज थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि लालमन पुत्र जंगली, राकेश कुमार पुत्र रामप्रसाद, विनय कुमार पुत्र गुलजार, भागवत प्रसाद पुत्र रामदास निवासी इमिलिया महेवा गोपाल जनपद गोंडा को हेड कांस्टेबल प्रमोद सिंह द्वारा निरोधात्मक कार्यवाही के अंतर्गत अभियुक्त द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के कारण धारा 151ध107ध116 सीआरपीसी की कार्यवाही कर अभियुक्त का चालान कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तारकर्ता टीम में हेवकाव प्रमोद सिंह,का0 मोनू यादव,सचिन कुमार शामिल रहे।

# सम्पादकीय

**ईडी ने सोनिया और राहुल गांधी को बुला कर कई दिन तक पूछताछ की लेकिन कांग्रेस के समर्थन में कोई सहयोगी या दूसरी विपक्षी पार्टी नहीं उतरी। सोचें, सीबीआई और ईडी ने हाल में आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया है तो कैसी हायतौबा मची है। विपक्ष की नौ पार्टियों ने प्रधानमंत्री को ...**

## कांग्रेस को चाहिए एक अदद प्रबंधक



कांग्रेस पार्टी को एक अच्छे मैनेजर की जरूरत है। पिछले कुछ दिनों के राजनीतिक घटनाक्रम को देखें तो कांग्रेस में एक अच्छे मैनेजर की कमी दिखाई देगी। कांग्रेस के पास नया अध्यक्ष है और नेहरू गांधी परिवार के तीन सक्रिय सदस्य हैं। इनके अलावा पार्टी ने अहमद पटेल की जगह पवन बंसल को कोषाध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। जयराम रमेश के नेतृत्व में मीडिया टीम भी खूब सक्रियता से काम कर रही है। हालांकि केसी वेणुगोपाल क्या कर रहे हैं, वह किसी को पता नहीं है पर उनके रूप में कांग्रेस का एक संगठन महासचिव भी है। इसके बावजूद पार्टी राजनीति का प्रबंधन नहीं कर पा रही है। कांग्रेस के पास कोई ऐसा नेता नहीं है, जिसे पार्टी के सर्वोच्च नेता का समर्थन और विश्वास हासिल हो और वह विपक्ष के नेताओं से बात कर सके। अहमद पटेल पहले यह काम करते थे। कहीं भी मामला अटकता था तो वे सीधे फोन उठा कर किसी भी विपक्षी पार्टी के सबसे बड़े नेता से बात कर सकते थे। कांग्रेस को वैसा एक नेता चाहिए, जो विपक्ष के साथ बात कर सके। कारोबारियों से बात कर सके और जरूरत पडने पर मीडिया समूहों के प्रमुखों से बात कर सके। ऐसा नेता नहीं होने का नतीजा है कि संसद के बाहर और मीडिया में कांग्रेस अकेली और अलग थलग पड़ती है। संसद में विपक्षी पार्टियां जरूर कांग्रेस के साथ होती हैं लेकिन उसमें कांग्रेस के प्रबंधन का हाथ कम होता और विपक्षी पार्टियों की मजबूरी ज्यादा होती है। संसद के दोनों सदनों में कांग्रेस अब भी सबसे बड़ी पार्टी है और सरकार पर दबाव बनाने के लिए हर पार्टी को उसकी जरूरत है। लेकिन संसद से बाहर कांग्रेस अलग थलग पड़ जाती है। इसका कारण यह है कि संसद के बाहर यानी सड़क की राजनीति में विपक्षी पार्टियों को कांग्रेस की जरूरत महसूस नहीं होती है। अगर कोई प्रबंधन करने वाला अच्छा नेता होता तो विपक्ष को साध सकता था। याद करें कैसे राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पहले राहुल गांधी की ओर से और फिर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की ओर से विपक्षी पार्टियों को चिट्ठी लिखी गई और उनको यात्रा में शामिल होने का न्योता दिया गया लेकिन एकाध को छोड़ कर सभी ने न्योता ठुकरा दिया। इसी तरह केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का मामला है। ईडी ने सोनिया और राहुल गांधी को बुला कर कई दिन तक पूछताछ की लेकिन कांग्रेस के समर्थन में कोई सहयोगी या दूसरी विपक्षी पार्टी नहीं उतरी। सोचें, सीबीआई और ईडी ने हाल में आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया है तो कैसी हायतौबा मची है। विपक्ष की नौ पार्टियों ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिख कर इसका विरोध किया। इसके बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अलग से चिट्ठी लिखी। केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने भी इसके विरोध में बयान जारी किया। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव तो आप नेताओं के समर्थन में है ही क्योंकि उनकी बेटी भी इसी मामले में फंसी है।

## उन्नत ललाट और त्रिपुंड लगाए हुए आकर्षित करते हैं श्रीराम

आज की शुरुआत स्वरचित एक दोहे से करता हूं।
राम नाम सम कुछ नहीं, उनकी छवि अनमोल।
सगुण साकार रुप में, उनकी जय जय बोल।।



कल से नवरात्रि प्रारंभ होने वाली है। इन नौ दिनों में प्रभु श्री राम की व्याप्ति प्रत्येक मानव हृदय में होगी। आइए भगवान श्रीराम के रूप की कल्पना करते हैं जोकि प्रत्येक युग में मनुष्य की बलवती साधना के सम्मुख प्रकट होते रहे हैं। मेरी कल्पना के श्री राम लंबे चौड़े डील डौल वाले लगभग सात फुट के हैं। श्रीराम चौड़े कंधे वाले हैं। उनकी एक एक भुजाओं में दस दस लाख हाथी का बल है। ललाट उन्नत त्रिपुंड लगाए हुए प्रभु श्रीराम का चेहरा अहा दिव्य तम है। एक बार जो उनकी शरण में आए, उनका दास बन जाए। इस दासत्व की भक्ति भी अप्रतिम है। उनके पैरों में शेर जैसी फुर्ती और नख छूने मात्र से ही जन्म के सार्थक होने की प्रतीति हो जाती है। घने घुंघराले काले केश और सांवली गात वाले प्रभु श्री राम की छवि अनंत सूर्य की किरणों सदृश है जोकि अखंड ऊर्जा का स्रोत है। प्रभु श्रीराम की भक्ति मेरा लक्ष्य है, उनके रहस्यों को जानने की मेरी इच्छा कदापि नहीं है। भगवान श्रीराम अन्याय का प्रतिकार करने वाले, और न्याय के संस्थापक हैं। वे सज्जनों की रक्षा करने वाले हैं। दुष्टों का महाविनाश उनका सात्विक कर्म है। माता सीता के मन में उनके प्रति अगाध श्रद्धा है। वे एक श्रेष्ठ पति और एक श्रेष्ठ पिता हैं। वे एक श्रेष्ठ प्रजा पालक हैं। आदि कवि देवर्षि वाल्मीकि के राम मनुष्य हैं। भवभूति के राम सामान्य मनुष्य हैं जबकि महानायक तुलसीदास जी के राम मनुष्य भी हैं और ब्रह्म भी हैं। मेरे मन में भी मेरे आराध्य देव प्रभु श्री राम की छवि व्याप्त है। मेरे राम मेरी कल्पना में हैं। हम उनकी अनुभूति कर सकते हैं। जब भी मैं उनका ध्यान करता हूं तब उनकी कृपा मुझे प्राप्त होती रहती है। आप भी अपनी आंखों को बंद करके प्रभु श्रीराम की मन मस्त करने वाली छवि का ध्यान कीजिए, निश्चित दर्शन मिलेगा।

लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का सन्देश

## पाकिस्तान का खस्ताहाल और भारत

**आज, पाकिस्तान की विनिमय दर 261.7 पाकिस्तानी रुपये प्रति अमेरिकी डश्लर है । पाकिस्तान चीन का इतना ऋणी है कि 27 बिलियन अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय ऋण में से लगभग 23 बिलियन अमेरिकी डॉलर चीनी ऋण ही है । पाकिस्तान का कुल विदेशी कर्ज 126.3 अरब डॉलर है । पाकिस्तान का कुल सार्वजनिक ऋण और देनदारियां लगभग 222 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है जो कि...**

अजय दीक्षित

पाकिस्तान सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना कर रहा है । पिछले 25 वर्षों में पाकिस्तान पर कर्ज 3 लाख करोड़ रुपये पाकिस्तानी रुपए से बढ़कर 2022 तक 62.5 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये तक पहुंच चुका है । पिछले 25 वर्षों में एक तरफ सरकारी कर्ज 14 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से बढ़ा, जबकि पाकिस्तान की जीडीपी मात्र 3 प्रतिशत की दर से ही बढ़ पाई । इसके चलते सरकारी कर्ज देश की क्षमता से कहीं ज्यादा पहुंच गया है क्योंकि कर्ज पर ब्याज और वापसी की देनदारी 5.2 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये तक पहुंच गई है, जो कि सरकार की कुल आमदनी से भी कहीं ज्यादा है । हालांकि इमरान खान की सरकार इसी राजकोषीय कुप्रबंधन के चलते गिर गई थी, लेकिन देश की वर्तमान सरकार भी स्थिति को संभालने में पूरी तरह से नाकामयाब रही है । 18 फरवरी 2023 को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने बयान दिया है कि पाकिस्तान की सरकार अपनी देनदारी से पहले ही कोताही कर चुकी है । इस बारे में आर्थिक विशेषज्ञ एक मत हैं कि पाकिस्तान के आर्थिक संकट के लिए कोई और नहीं, पाकिस्तान के हुक्मरान ही जिम्मेदार हैं ।



अर्थशास्त्री पाकिस्तान की दीर्घकालिक और अल्पकालिक दोनों तरह की कई नीतियों के आलोचक रहे हैं, और उन्हें भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान की वर्तमान दुर्दशा के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। सेना में आवश्यकता से अधिक निवेश करने से लेकर श्मुफ्त उपहारश देने और अस्थिर राजनीतिक वातावरण होने तक कई मुद्दों का जिक्र आता है। पाकिस्तान हुक्मरानों के निर्णयों की बात करें तो ध्यान में आता है कि उनके द्वारा कई नीतिगत फैसले लिये गये जो उसके राजनीतिक हित में थे न कि पाकिस्तान के आर्थिक हित में । सरकारों ने सिर्फ लोगों को खुश करने के लिए मुफ्तखोरी का रास्ता लिया। वस्तुओं की कीमतों को कम रखने के लिए लोक लुभावन उपायों का उपयोग किया जिससे खजाने पर बोझ बढ़ा, सरकारी सब्सिडी का अंधाधुंध इस्तेमाल हुआ । भारत सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों के माध्यम से जो राजस्व जुटाया, उसका उपयोग उसने अपने स्वयं के धन से अधिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए किया । दूसरी तरफ पाकिस्तान ने विदेशी ऋणों पर सवार बुनियादी ढांचे का निर्माण किया । पाकिस्तान धनाभाव के चलते अपनी जरूरतों के अनुसार नहीं बल्कि किसी विदेशी शक्ति (चीन) के इशारे पर बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है, जिससे उसको फायदा तो कम हो रहा लेकिन कर्ज का बोझ इतना बढ़ गया है कि उसको चुकाना पाकिस्तान के बूते से बाहर हो गया । श्चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियाराश (सीपीईसी) इसका जीता जागता उदाहरण है । यह चीन के श्बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिवश का हिस्सा है । कुछ बिजली संयंत्र भी इस परियोजना के हिस्से हैं । पाकिस्तान की समस्या उन ऋणों के कारण है जो उनके उस बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए हैं जो पाकिस्तानियों के लिए किसी काम के नहीं थे । वास्तविकता यह है कि पाकिस्तान के पास पर्याप्त ग्रिड कनेक्टिविटी ही नहीं है, इसलिए सीपीईसी की बिजली परियोजना पाकिस्तान के किसी काम की नहीं । उसी तरह से अन्य प्रकार का इंफ्रास्ट्रक्चर भी पाकिस्तान के लिए पर्याप्त धन जुटाने में अपर्याप्त है । इस ऋण ने केवल पाकिस्तान के लिए भुगतान संतुलन की समस्याएं पैदा की और पाकिस्तानी मुद्रा का अभूतपूर्व मूल्यह्रास हुआ । आज, पाकिस्तान की विनिमय दर 261.7 पाकिस्तानी रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर है । पाकिस्तान चीन का इतना ऋणी है कि 27 बिलियन अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय ऋण में से लगभग 23 बिलियन अमेरिकी डॉलर चीनी ऋण ही है । पाकिस्तान का कुल विदेशी कर्ज 126.3 अरब डॉलर है । पाकिस्तान का कुल सार्वजनिक ऋण और देनदारियां लगभग 222 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है जो कि पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद का 393.7 प्रतिशत है । पाकिस्तान के लोगों को समझना होगा कि सरकारों के बदलने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है । पाकिस्तान को बचाने का एक ही रास्ता है कि वह अपनी नीतियों को ठीक करे, अपने वित्तीय अनुशासन को संभाले, प्रतिरक्षा पर फिजूलखर्ची से बचे, अपने उद्योगों को बचाने की तरफ ध्यान दे, चीन के चंगुल से बाहर आए और भविष्य की चीन–पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर की बाकी बची परियोजनाओं को सिरे से श्खारिज कर दे ।

## सामयिक : महंगाई से बढ़ेंगी दूरियां

**बढ़ती महंगाई की वजह से रिजर्व बैंक नीतिगत दरों को बढ़ाने के लिए आगामी मौद्रिक समीक्षाओं में मजबूर होसकता है और तदुपरांत,बैंक कर्ज दर में इजाफा करेंगे और कर्ज महंगा होने से मांग में कमी आयेगी। बढ़ती महंगाई की वजह से लोगों के खर्च करने की क्षमता भी कम हुई है, विकास की गति कम होने से कर संग्रह में भी कमी आ रही है, जिसकी पुष्टि जीएसटी संग्रह के फरवरी, 2023 में एक लंबे...**

सतीश सिंह

जनवरी 2023 में देश का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) 6.52 प्रतिशत के स्तर पर पहुँच गया,जो पिछले 3 महीनों में सबसे ऊंचा स्तर है। इससे पहले, दिसम्बर 2022 में खुदरा महंगाई 5.72 प्रतिशत थी, जबकि जनवरी 2022 में यह 6.01 प्रतिशत थी। इससे पहले,अक्टूबर 2022में खुदरा महंगाई 6.77 प्रतिशत के स्तर पर पहुँच गई थी। खुदरा महंगाई में तेजी का कारण खाद्य पदाथरे की कीमतों में तेजी आना है। केंद्रीय बैंक ने खुदरा महंगाई की निचली सीमा 2 प्रतिशत और ऊपरी सीमा 6 प्रतिशत निधारित की है अर्थात महंगाई दर 2 से 6 प्रतिशत के बीच होनी चाहिए,लेकिनचालू वित्त वर्ष के दौरान सिर्फ नवम्बर और दिसम्बर 2022 में ही रिजर्व बैंक इस लक्ष्य को हासिल कर पाया है। अभी कोर महँगाई भी उच्च स्तर पर बनी हुई है। मुसीबत यह है कि महंगाई के फिर से निर्धारित सीमा से ऊपर जाने से भारतीय रिजर्व बैंक नीतिगत दरों को फिर से बढ़ा सकता है। एक अनुमान के अनुसार रिजर्व बैंक अप्रैल, 2023 में होने वाली मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 25 आधार अंक की बढ़ोतरी कर सकता है। चूँकि, अभी महँगाई घटने की उम्मीद कम है, इसलिए,लंबे समय तक नीतिगत दर उच्च स्तर पर बनी रह सकती है और अगर ऐसा हुआ तो विकास की रफ्तार आगामी महीनों में भी नरम बनी रहेगी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के अनुसार चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 4.4 प्रतिशत रहा,जो भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुरूप है। वित्त वर्ष 2021–22 की पहली तिमाही में जीडीपी 21.6 प्रतिशत रही थी, जबकि वित्त वर्ष 2022–23 की पहली तिमाही में जीडीपी 13.2 प्रतिशत रही थी। वहीं,वित्त वर्ष 2021–22 की दूसरी तिमाही में जीडीपी 9.1 प्रतिशत और तीसरी तिमाही में 5.2 प्रतिशत रही,जबकि वित्त वर्ष 2022–23 की दूसरी तिमाही में जीडीपी 6.3 प्रतिशत और तीसरी तिमाही में 4.4 प्रतिशत रही। एनएसओ ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में चालू वित्त वर्ष में 7 प्रतिशत की दर से वृद्धि होने का अनुमान जताया है। एनएसओके अनुसारआधार वर्ष 2011–12 में स्थिर मूल्यपर तीसरी तिमाही में जीडीपी के राशि में 40.19 लाख करोड़ रु पये रहने का अनुमान है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 38.51 लाख करोड़ रु पये था. विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदशर्न की वजह से जीडीपी में गिरावट दर्ज की गई है. दिसंबर तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में 1.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र में 1.3 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज की गई थी. जून और सितंबर तिमाही में जीडीपी कमजोर आधार के कारण प्रभावित हुआ था। वित्त वर्ष 2021–22 की पहली छमाही में आर्थिक सुधार की प्रक्रिया महामारी की दूसरी लहर से बाधित हुई थी और अब दिसंबर तिमाही के जीडीपीआंकड़ों पर महँगाई का नकारात्मक असर पड़ा है। इसी वजह से माँग कम हुई और विकास बाधित हुई। फिलहाल, सरकार उच्च पूंजीगत व्यय के माध्यम से विकास की रफ्तार को बरकरार रखने की कोशिश कर रही है, लेकिन निजी पूंजीगत व्यय के कमजोर रहने से सरकार मामले में अपेक्षित परिणाम पाने में असफल रही है। वैसे,सकल स्थायी पूंजी निर्माण बढ़कर 8.3 प्रतिशत हो गया है, लेकिनचालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में निजी खपत में केवल 2.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। फिलवक्त,राजकोषीय हालात भी अच्छी नहीं है। सरकार ने वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान राजकोषीय घाटे को कम करके जीडीपी के 5.9 प्रतिशत के स्तर पर लाने का लक्ष्य रखा गया है। अभी यह घाटा जीडीपी का 6.4 प्रतिशतहै अर्थात हर साल राजकोषीय घाटे में 0.7 प्रतिशतकी कमी करनी होगी, जो आसान नहीं है, क्योंकि जीडीपी की रफ्तार कम हो गई है। धीमी वृद्धि से कर संग्रह में कमी आ जाती है। वर्ष 2024 चुनावी साल है। इसलिए, इस साल राजकोषीय घाटा कम होने की जगह बढ़ सकता है, क्योंकि सरकार आम जनता को लुभाने के लिए सरकारी व्यय में इजाफा कर सकती है। वैसे,वर्ष 2004 में एफआरबीएम अधिनियम लागू होने के बाद से अब तक केंद्र सरकार सिर्फ 4 बार ही घाटे को 0.7 प्रतिशत या उससे अधिक कम कर सकी है। पहली बार वित्त वर्ष 2021–22 में सरकार ने घाटे में 2.46 प्रतिशत की कमी की थी, लेकिन उस कालखंड में कोरोना महामारी की वजह से उच्च आधार की स्थिति बन गई थी, जिसके कारण राजकोषीय घाटे में कमी आई थी। भारत को बुनियादी ढांचे में भारी भरकम निवेश की आवश्यकता है। इससे ही विकास की गाड़ी तेज गति से आगे बढ़ सकती है। ऐसे में सरकार को पूँजीगत व्यय और राजस्व संग्रह दोनों में तेजी लानी होगी और दोनों के बीच संतुलन बनाकर राजकोषीय सुदृढ़ीकरण की दिशा में काम करना होगा,क्योंकि ज्यादा कर्ज लेकर आधारभूत संरचना को मजबूत करने के खतरे भी हैं। होने से निजी निवेश में कमी आती है, क्योंकि लोग यह समझते हैं कि आधारभूत संरचना को मजबूत करने की जिघ्मेदारी सरकार की है। इसके अलावा, कर्ज की राशि पर ज्यादा ब्याज अदा करने से विकास के कार्यों में रूकावट आती है। चूंकि,वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार तथा निगम कर को पहले ही तार्किक बनाया जा चुका है, इसलिए, फिलहाल इस मोर्चे पर स्थिति और भी बेहतर होने की उम्मीद न्यून है अर्थात कर संग्रह में तेजी लाने की संभावना बहुत ही कम हो गई है। ऐसे में सरकार गैर कर राजस्व की मदद से स्थिति में बेहतरी लाने की कोशिश कर सकती है, क्योंकि एक अनुमान के अनुसार केंद्र सरकार का कर्ज वित्त वर्ष 2023–24 में आंशिक रूप से बढ़ सकता है। फिलहाल, केंद्र सरकार को कर राजस्व का 45 प्रतिशतकर्ज की ब्याजअदायगी में खर्च करना पड़ रहा है।




# श्रेयस अय्यर फिट नहीं, एसकेआर कर रहे संघर्ष, मिडिल ऑर्डर में ये खिलाड़ी मजबूत कर रहे हैं अपनी दावेदारी



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जा रही है। हालांकि, इस सीरीज से पहले ही भारत को बड़ा झटका लगा। चोट की वजह से मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर सीरीज से बाहर हो गए। ऐसे में भारत के लिए लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में तो बढ़ी ही, साथ ही साथ वनडे विश्व कप के लिए भी बढ़ गई है। दरअसल, श्रेयस अय्यर मध्यक्रम के बेजोड़ बल्लेबाज हैं और उनकी कमी को पूरी करना इतना आसान भी नहीं रहने वाला है। यही कारण है कि नंबर चार पर बल्लेबाजी करने वाले बल्लेबाजों की तालाश शुरू कर दी गई है। लेकिन पिछले दो मैचों में भारत का मध्यक्रम काफी कमजोर भी नजर आया है। ऐसे में सवाल यह है कि मध्यक्रम में किन बल्लेबाजों को आगे मौका दिया जा सकता है।

पिछले दो मुकाबलों में सूर्यकुमार यादव को मौका दिया गया है। हालंकि, टी–20 की तरह वनडे में सूर्यकुमार कमाल नहीं दिखा पा रहे। लगातार उनका बल्ला खामोश रह रहा है। ऐसे में नंबर चार में लिए नए विकल्प तलाशे जा रहे हैं। यादव ने 10 पारियों में 12.22 की औसत और 118.27 की स्ट्राइक रेट से 110 रन बनाए और वापसी करने के लिए काफी संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में नंबर चार पोजीशन पर बल्लेबाजी करने के लिए संजू सैमसन अपना दावा मजबूत कर रहे हैं। संजू सैमसन का वनडे रिकॉर्ड काफी शानदार रहा है। अब तक 11 मुकाबलों में उन्होंने 330 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट भी 100 से ऊपर कर रहा है। संजू सैमसन की टीम में आने से एक अतिरिक्त विकेटकीपर भी हो जाएगा। साथ ही साथ मध्यक्रम भी मजबूत हो सकता है।

संजू सैमसन के अलावा दीपक हुडा भी नंबर 4 या मिडल ऑर्डर के लिए अपनी दावेदारी को मजबूत कर रहे हैं। पावर हिटिंग की वजह से जाने जाने वाले दीपक हुड्डा जबरदस्त बल्लेबाज हैं। इसके अलावा वह गेंदबाजी भी कर सकते हैं। ऐसे में दीपक हुडा टीम में आते हैं तो भारत को एक और ऑलराउंडर बल्लेबाज मिल सकता है। वह बल्लेबाजी के साथ–साथ गेंदबाजी भी करते हैं। मिडल ऑर्डर के लिए एक और बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी अपनी दावेदारी को मजबूत कर सकते हैं। वह आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करते हैं। काफी समय से टीम में हैं। लेकिन प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिल पा रहा है। देखना दिलचस्प होगा कि राहुल त्रिपाठी को मौका दिया जाता है या नहीं।

# न्यूजीलैंड की विदेश मंत्री नानैया माहुता चीन की यात्रा पर जाएंगी



वेलिंगटन। न्यूजीलैंड की विदेश मंत्री नानैया माहुता इस सप्ताह चीन की अपनी यात्रा के दौरान उस देश के विदेश मंत्री छिन कांग से मुलाकात करेंगी। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। न्यूजीलैंड के किसी मंत्री की चार साल में यह पहली चीन यात्रा होगी। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग इस सप्ताह मॉस्को यात्रा की योजना बना रहे हैं। चिनफिंग की इस यात्रा से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को कूटनीतिक संबल मिल सकता है। अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत ने घोषणा की थी कि वह कथित युद्ध अपराधों के लिए उन पर मुकदमा चलाना चाहती है। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस हिप्किंस ने कहा कि रूस को लेकर न्यूजीलैंड का रुख अडिग है। उन्होंने कहा, ''हम यूक्रेन पर रूस के हमले के स्पष्ट रूप से खिलाफ हैं। हम इस धारणा के भी पूरी तरह खिलाफ हैं कि अन्य देश यूक्रेन पर रूस के अवैध हमले का समर्थन कर सकते हैं।'' लेकिन हिप्किंस ने कहा कि फिर भी कोविड–19 संबंधी यात्रा पाबंदियों में ढील के बाद चीन के साथ व्यक्तिगत रूप से संबंध फिर से स्थापित करने का समय है। उन्होंने कहा, ''चीन का न्यूजीलैंड से बहुत महत्वपूर्ण रिश्ता है और जाहिर है कि पिछले कुछ साल में राजनयिक स्तर पर न्यूजीलैंड और चीन के बीच यात्रा पाबंदियां रही हैं। इसलिए, यह महत्वपूर्ण होगा कि हम फिर से संवाद के लिए व्यक्तिगत अवसर सृजित करें।'' माहुता ने कहा कि चीन के साथ न्यूजीलैंड के संबंधा जटिल और व्यापक हैं, तथा दोनों देशों ने हाल में राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे किये हैं। चीन, न्यूजीलैंड का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है और उसके निर्यातक दुग्ध उत्पाद तथा अन्य कृषि सामग्री खरीदने के लिए चीन पर निर्भर हैं। माहुता चीन की दो दिन की यात्रा पर मंगलवार को रवाना हो सकती हैं।

# 20 साल बाद भी नहीं भरे इराक युद्ध के जख्म, क्या अमेरिका ने झूठ बोलकर किया था हमला?

इराक युद्ध को दो दशक पूरे हो चुके हैं। 20 मार्च ही वो तारीख है, जब इराक में जैविक हथियार होने के शक की बुनियाद पर करीब 20 साल पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बुश ने युद्ध की शुरुआत की थी। ये वो दौर था जब आदेश के साथ ही अमेरिकी नौसेना की क्रूज मिसाइलों ने इराक की राजधानी बगदाद में कई जगहों पर हमले किए। बगदाद शहर बम और हवाई हमलों की आवाज से गूंज रहा था और इसके साथ ही सद्दाम हुसैन के लंबे शासन का अंत होने जा रहा था। सिर्फ 21 दिनों में अमेरिका ने इराक के तमाम बड़े शहरों को अपने कब्जे में ले लिया था, लेकिन सद्दाम हुसैन अमेरिका की पकड़ से दूर था। 13 दिसंबर, 2003 में अमेरिका को सद्दाम हुसैन को पकड़ने में कामयाबी मिली।

तो, इराक पर आक्रमण क्यों हुआ?

इराक आक्रमण की जड़ें 1990 से जुड़ी हैं जब अमेरिकियों के एक लंबे समय के सहयोगी सद्दाम ने कुवैत पर इस संदेह के तहत हमला किया कि देश इराकी क्षेत्रों से तेल चोरी करने के लिए ड्रिलिंग का उपयोग किया जा रहा है। अमेरिकी सरकार ने युद्ध में तुरंत हस्तक्षेप किया क्योंकि उसे डर था कि कुवैत पर एक सफल आक्रमण इराक को पश्चिम एशिया में अन्य देशों पर अपनी शक्ति को और मजबूत करने के लिए प्रेरित कर सकता है, जिससे यह दुनिया की सबसे बड़ी तेल शक्ति बन सकता है। सद्दाम को करारी हार का सामना करना पड़ा, लेकिन वह इराक पर शासन जारी रखने में कामयाब रहा और वह अब पश्चिमी दुनिया का सहयोगी नहीं था। बाद के वर्षों में इराक पर अल्पसंख्यक कुर्द और बहुसंख्यक शिया आबादी दोनों के खिलाफ हिंसा के लिए कई तरह के प्रतिबंध लगाए गए थे,



उस समय सत्तारूढ़ व्यवस्था सुन्नी थी।

देश पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा परमाणु, जैविक और रासायनिक हथियार विकसित करने का भी आरोप लगाया गया था, जिसने जांच के बाद इराक पर अपने प्रतिबंध लगाए थे। 11 सितंबर, 2001 के अमेरिका में आतंकवादी हमलों के तुरंत बाद, राष्ट्रपति बुश के प्रशासन ने ष्दुनिया भर में आतंकवादियों को खोजने और रोकने के लिए एक व्यापक योजनाष की घोषणा की। अफगानिस्तान और इराक पर आक्रमण अमेरिका के ष्आतंकवाद पर वैश्विक युद्धष का हिस्सा था। जबकि अमेरिका ने तालिबान को दंडित करने और ओसामा बिन लादेन सहित अल–कायदा के नेतृत्व का शिकार करने के लिए अफगानिस्तान पर आक्रमण किया, इराक पर व्यापक विनाश के हथियार रखने और आतंकवाद का समर्थन करने का आरोप लगाया गया था। 17 मार्च, 2003 को राष्ट्रपति बुश ने एक अल्टीमेटम जारी किया, जिसमें कहा गया था कि अगर सद्दाम 48 घंटों के भीतर इराक नहीं छोड़ता है, तो अमेरिका उसके खिलाफ सैन्य कार्रवाई करेगा। दो दिन बाद देश पर बम गिराए जाने लगे। 20 मार्च को जमीनी आक्रमण शुरू हुआ।

इराक पर आक्रमण शुरू होने के बाद क्या हुआ?

पांच सप्ताह के युद्ध के बाद राष्ट्रपति बुश ने 1 मई, 2003 को अपना शमिशन अकम्प्लिशश भाषण दिया। जिसमें उन्होंने अमेरिका और अन्य सहयोगी ष्प्रबलष हैं और ष्अब हमारा गठबंधन उस देश को सुरक्षित और पुनर्निर्माण करने में लगा हुआ है। लेकिन जल्द ही यह स्पष्ट हो गया कि इराक के पुनर्निर्माण और सुरक्षा के लिए अमेरिका की योजना केवल हवा हवाई बातें थी। आरोप लगाया गया था कि सद्दाम हुसैन इराक को परमाणु शक्ति संपन्न देश बनाने की कोशिश कर रहे हैं। तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री कोंडोलीजा राइस ने कहा था, ष्हम धुएं वाली बंदूक को मशरूम का बादल नहीं बनाना चाहते। बुश प्रशासन सद्दाम की डब्ल्यूएमडी क्षमताओं के बारे में गलत था। गठबंधन अनंतिम प्राधिकरण (ब्च्।) के रूप में जानी जाने वाली अस्थायी सरकार ने इराक के राज्य संस्थानों का श्डी–बाथिफिकेशनश किया। वहां काम करने वाले उन सभी लोगों को हटा दिया जिनका सद्दाम की बाथ पार्टी से संबंध था। इसके परिणामस्वरूप हजारों राज्य कर्मचारियों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा। सद्दाम के शासन में अधिकतर राज्य की नौकरियां पाने के लिए बाथ पार्टी की सदस्यता होना अनिवार्य था। इसके अलावा, निर्णय ने सामान्य सरकारी कामकाज को ठप कर दिया। फिर, सीपीए ने देश की सेना को भंग करने की घोषणा की, जिसे विशेषज्ञों ने सबसे बड़ी गलतियों में से एक माना, जिससे कई मिलिशिया और सशस्त्र समूहों का गठन हुआ। इनमें से कई समूह अल–कायदा का हिस्सा बन गए और अंततः आईएस बनाने के लिए एक साथ बंध गए।

इराक आक्रमण ने दुनिया को कैसे बदल दिया?

आक्रमण के न केवल इराक बल्कि दुनिया के लिए भी दूरगामी परिणाम थे। सबसे महत्वपूर्ण रूप से, इसने उन परिस्थितियों को जन्म दिया जिसमें आतंकवादी इस्लामिक स्टेट का जन्म हुआ, जिसने 2014 में अपनी षखिलाफतष की घोषणा की और देश में क्रूर और लंबे समय तक सांप्रदायिक गृहयुद्ध को जन्म दिया। संघर्ष ने पश्चिम एशिया में अमेरिका के प्रभाव को भी कम कर दिया। आक्रमण से पहले, इराक और अफगानिस्तान ने बफर के रूप में कार्य किया जिसने पश्चिम एशिया में ईरानी प्रभाव को कम कर दिया। इराक में आक्रमण के बाद की अराजकता में ईरान ने एक मुकाम हासिल किया और राष्ट्रपति बशर अल–असद के सीरियाई शासन को सैनिकों की आपूर्ति, और सशस्त्र और वित्तपोषण सहित अपनी सीमाओं के बाहर अपने सैन्य अभियानों को बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय शक्ति के बदले हुए संतुलन का उपयोग किया।

आक्रमण ने रणनीति के रूप में ड्रोन हमलों के युग की शुरुआत की। पिछले कुछ वर्षों में, ड्रोन ने मध्य पूर्व के एक विशाल क्षेत्र में हजारों निर्दोष नागरिकों को मार डाला है। युद्ध के बीस साल बाद भी, कई देशों में लोग इसके परिणाम भुगत रहे हैं। ब्राउन यूनिवर्सिटी द्वारा प्रकाशित श्कॉस्ट्स ऑफ वॉरश शीर्षक वाली एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है, ष्इराक में प्रत्यक्ष युद्ध हिंसा से अनुमानित 300,000 लोग मारे गए हैं।

## Formula 2 Championship: जेहान दारूवाला ने दोनों रेस में पोडियम पर जगह बनाई

जेद्दा। भारत के जेहान दारूवाला ने फार्मूला 2 चौम्पियनशिप



के सऊदी अरब राउंड में दोनों रेस में शीर्ष तीन में जगह बनाई। डच टीम एमपी मोटरस्पोर्ट के ड्राइवर जेहान शनिवार को स्प्रिंट रेस में पांचवें से तीसरे स्थान पर पहुंच गए। इसके बाद उन्होंने फीचर रेस में भी पोडियम पर जगह बनाई। वह दोनों रेस में शीर्ष तीन में रहने वाले अकेले ड्राइवर रहे। अब फार्मूला 2 चौम्पियनशिप 31 मार्च से दो अप्रैल तक आस्ट्रेलिया में होगी जहां मेलबर्न के अलबर्ट पार्क पर पहली बार रेस आयोजित की जा रही है।

## मैनचेस्टर युनाइटेड एफए सेमीफाइनल में , आर्सनल को ईपीएल में बढत

मैनचेस्टर। फुल्हम 'एफए कप फुटबॉल' में मैनचेस्टर युनाइटेड




के खिलाफ बड़े उलटफेर की ओर बढ रही थी लेकिन दूसरे हाफ में सात मिनट के भीतर उसे नौ खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, उसके मैनेजर को बाहर किया गया और उसने दो गोल गंवा दिये। युनाइटेड ने 3 . 1 से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बना ली। उसका सामना फाइनल में मैनचेस्टर सिटी से हो सकता है क्योंकि दोनों को अलग अलग सेमीफाइनल खेलने हैं। दूसरी ओर एफए कप से बाहर हुई आर्सनल की नजरें अब 19 साल में पहले प्रीमियर लीग खिताब पर लगी हैं। उसने क्रिस्टल पैलेस को 4 . 1 से हराकर अपनी बढत पुख्ता कर ली। उसने लीग में लगातार छह मैच जीते हैं हालांकि अभी उसका सामना मैनचेस्टर सिटी और लिवरपूल से होना बाकी है।

## महिला का कंकाल रूपी शव मिलने से हड़कंप

### सूचना पर पहुंची पुलिस कंकाल रूपी शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

दैनिक बुद्ध का संदेश

मोतीगंज,गोण्डा। मनकापुर कोतवाली क्षेत्र में एक महिला का कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया । कंकाल मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कंकाल रूपी शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के हरदवा गांव निवासी ग्राम प्रधान के पुत्र ओम प्रकाश गौतम को सोमवार को रतनपुर जाते समय रेलवे लाइन के किनारे बने तालाब में शव के पड़े होने जैसा कुछ दिखा। करीब से देखा तो रेलवे लाइन के किनारे बने तालाब में एक महिला का शव पड़ा हुआ था। उन्होंने पुलिस को फौती सूचना देकर अवगत कराया। आशंका जताई जा रही है कि रेलवे लाइन नजदीक है ,रेलवे लाइन पर कटे हुए शव को जंगली जानवरों द्वारा खींचकर तालाब नीचे किया गया होगा ऐसी ज्यादा सम्भावना है। प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार ने बताया कि रेलवे लाइन के पास बने तालाब में एक महिला नाम–पता अज्ञात का कंकाल रुपी शव मिला है। जिसका आधा धड तालाब से बाहर और नीचे का हिस्सा तालाब के पानी में पडा था ।जो अत्यंत दयनीय स्थिति में सडी–गली आवस्था में थी जिससे हड्डियां भी दिखाई दे रही थी। शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है।



## चौत्र नवरात्रि व माहे रमजान को शांतिपूर्ण ढंग से मनाए क्षेत्रवासी

### थाना अध्यक्ष मोतीगंज प्रबोध कुमार तथा चौकी प्रभारी भानपुर सोम प्रताप सिंह क्षेत्र के लोगों से की अपील

बृजभूषण तिवारी/दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। आने वाले चौत्र नवरात्रि तथा माहे रमजान को शांतिपूर्ण ढंग से मनाए क्षेत्रवासी थाना अध्यक्ष मोतीगंज प्रबोध कुमार तथा तरबगंज थाना क्षेत्र के भानपुर चौकी प्रभारी सोम प्रताप सिंह ने क्षेत्रवासियों से की अपील। 22 मार्च से शुरू होने वाले नवरात्रि तथा 23 मार्च से शुरू होने वाले माहे रमजान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए थाना अध्यक्ष मोतीगंज तथा भानपुर पुलिस चौकी के चौकी प्रभारी सोम प्रताप सिंह ने पत्रकार वार्ता के दौरान बातचीत करते हुए कहा की त्यौहार सभी का बराबर होता है वह चाहे हिंदू का हो चाहे मुसलमान का त्योहार त्योहार होता है और सभी लोगों को अपने अपने त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जिससे कि सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनी रहे उन्होंने क्षेत्र वासियों के अलावा जिले वासियों से भी आने वाले त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की।



# इमरान खान के भतीजे बैरिस्टर हसन नियाजी को किया गया गिरफ्तार, पत्नी को पूछताछ के लिए समन

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के भतीजे बैरिस्टर हसन नियाजी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने जियो न्यूज को बताया कि कानूनी मामलों में पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान के प्रमुख व्यक्ति हसन नियाजी को सोमवार को इस्लामाबाद में एक आतंकवाद विरोधी अदालत के बाहर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि पुलिस चौकी पर विरोध करने पर नियाजी को गिरफ्तार किया गया है। इस बीच, पीटीआई का दावा है कि कानूनी मामलों पर खान के मुख्य व्यक्ति को उनके खिलाफ दर्ज सभी मामलों में जमानत हासिल करने के बावजूद पुलिस अधीक्षक नौशेरवान अली चांदियो द्वारा ष्अपहरणष कर लिया गया है। इसके साथ ही बुशरा बीबी को भी पूछताछ के लिए समन भेजा गया है। पाकिस्तान की एजेंसी बुशरा बीबी से 21 मार्च से पूछताछ करेगी। पीटीआई ने ट्वीट किया, ष्यह पुलिस की बर्बरता का चरम है। हसन नियाजी, एक वकील, जिसकी जमानत अदालत ने हाल ही में मंजूर की थी, का अपहरण कर लिया गया है। बैरिस्टर हसन नियाजी को जमानत पर होने के बावजूद एसपी नौशेरवान द्वारा अवैध रूप से अपहरण कर लिया गया है। इंसाफ लॉयर्स फोरम ने ट्वीट करते हुए कहा कि हम इस फासीवाद की निंदा करते हैं और उनकी तत्काल रिहाई की मांग करते हैं। मंच ने मांग की कि देश के मुख्य न्यायाधीश इस ष्कानूनों के घोर उल्लंघनष पर ध्यान देने की मांग की है।



पीटीआई नेता फारुख हबीब ने लिखा है कि पुलिस को एटीसी के दोनों ओर तैनात किया गया था, ताकि वे उन्हें षगिरफ्तारष कर सकें। उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि वकीलों के अनुसार, पुलिस ने बार–बार कहा कि उन्हें हसन नियाजी और फारुख हबीब को लेने के लिए विशेष आदेश मिले हैं। वकीलों ने मुझे उनके इरादों के बारे में बतायाय मैंने उन्हें चकमा दिया और जमानत मिलने के बाद फरार हो गया।

## सरसों और अरहर की फसलों को भी हुआ नुकसान

बघौचघाट। रात बूंदाबांदी और तेज हवा से किसानों के माथे पर चिंता बढ़ गई है। गेहूं की फसल जमीन पर गिर गई है। वहीं आम की बौर भी गिर गई है। वहीं सरसों और अरहर की फसलों को भी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग की चेतावनी सही साबित हुई है। . रात में जिले में बूंदाबांदी व तेज हवा से फसलों को नुकसान हुआ है। अप्रैल माह में गेहूं की फसल कटने लगती है। मार्च के अंत तक फसल तैयार हो जाती है। अब गेहूं पकने लगे थे। फसल देखकर किसानों के चेहरे खिले थे कि इस साल अच्छा मौसम बना है। गेहूं की फसल में पैदावार अधिक होगी, लेकिन प्रकृति को कुछ और मंजूर था। देर रात अचानक मौसम बदला और हवा के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई, जिससे गेहूं, सरसों, मटर, अरहर की फसलें खेत में गिर गईं। वहीं आम के बौर बगीचों में टूटू–टूट कर जमीन पर बिखर गए। सुबह जब किसान खेतों में पहुंचे तो उनका सिर चकरा गया। उनके चेहरे मुरझा गए।

## आसाम में सड़क हादसे में बरहज के युवक की मौत

करूअना। क्षेत्र के पांडेय फुलवरिया गांव निवासी दूधनाथ पांडेय के पुत्र गौतम (25) की आसाम में दो दिन पूर्व हए सड़क हादसे में मौत हो गई। .दोपहर में फोन पर जानकारी मिलने पर घर में रोना–पिटना मच गया। परिजन गौतम का शव लाने के लिए आसाम के लिए निकल गए हैं। दूधनाथ के चार संतानों में इकलौते पुत्र गौतम रिश्तेदार के बुलाने पर शिवरात्रि पर्व के दो दिन पूर्व आसाम कमाने गए थे। लोगों के अनुसार वह कहीं जा रहे थे। इसी बीच हादसे में उनकी मौत हो गई थी। मौत की जानकारी होने पर दरवाजे पर लोगों की भीड़ जुट गई। इंस्पेक्टर कपिलदेव चौधरी ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है।

## कच्ची शराब के अड्डों पर छापा

रुद्रपुर। कोइलगढ़हा गांव में कुर्ना नदी के किनारे कच्ची शराब बनाने वालों के खिलाफ आबकारी विभाग टीम ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान करीब सात कुंतल लाहन नष्ट किया गया। साथ ही कार्रवाई के दौरान छह भट्ठियों को पुलिस ने तोड़ दिया, हालांकि पुलिस की कार्रवाई के पूर्व ही इस धंधे में लिप्त लोग नदी के रास्ते फरार हो गए। आबकारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि कच्ची शराब के धंधे को आर्थिक रूप से तोड़ने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। कुर्ना नदी के किनारे एक साल में दस बार छापा मारकर व्यापक पैमाने पर अवैध रूप से शराब बनाने वालों पर रोक लगाई गई है। सुबह कार्रवाई के दौरान खेतों में लाहन छुपा कर रखी गई थी, जिसे नष्ट कर दिया गया। भट्ठियों को तोड़ दिया गया। अवैध शराब के धंधे से जुड़े लोगों पर कठोर कार्रवाई की जा रही है। लंबे समय से कच्ची शराब के धंधो से जुड़े लोगों का रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

## हड़ताल खत्म, पर संकट बरकरार

देवरिया। बिजली निगम के अभियंताओं और तकनीकी कर्मचारियों की बृहस्पतिवार सुबह दस बजे से 72 घंटे की हड़ताल के कारण करीब 46 फीडर ठप रहे। शहर के तीन मोहल्लों सहित जिले के 440 गांवों के 1.60 लाख उपभोक्ताओं को करीब 16 घंटे तक बिजली नहीं मिली। उपभोक्ताओं ने पूरी रात अंधेरे में गुजारी। गर्मी के कारण मच्छरों के प्रकोप के चलते रातभर लोग पूरी नींद नहीं ले पाएं। कुछ जगहों पर लोगों को पानी के लिए हैंडपंप का सहारा लेना पड़ा। जबकि दूसरी तरफ फाल्ट होने पर उपभोक्ता उपकेंद्रों का चक्कर भी लगाते रहे, लेकिन इन कोई सुनने वाला नहीं था। शहर के लगड़ी खास में रात के करीब 12 बजे हाईटेंशन के तार में फाल्ट होने से उमानगर, देवरिया रामनाथ, सीसी रोड की बिजली सुबह छह बजे तक कटी रही। मोहल्ले के लोगों ने किसी तरह सात बजे ठीक कराया तो फिर से दोपहर में उसी जगह फाल्ट हो गया। इस कारण फिर तीन घंटे के लिए बिजली कटी रही। पुरवा के बिजली उपकेंद्र से जुडे सिंधी मिल, राम गुलाम टोला सहित करीब 80 गांवों की बिजली रात में एक बजे से सुबह दस बजे तक गायब रही। इंनकमिंग में गड़बड़ी ठीक होने के बाद आपूर्ति बहाल की गई। सुबह छह बजे से भटवलिया उपकेंद्र के कचहरी फीडर में गड़बड़ी आने से सिविल लाइंस, राघव नगर में बिजली छह घंटे तक कटी रही। सबसे अधिक प्रभावित सलेमपुर उपकेंद्र रहा। इससे जुड़े करीब 25 फीडर में तकनीकी खराबी आई। इससे 150 गांवों की बिजली रात में करीब एक बजे सुबह नौ बजे तक गायब रही। खुखुंदू उपकेंद्र से जुड़े 102 गांवों की बिजली सुबह छह बजे से लगायत 12 बजे तक प्रभावित रही। तरकुलवा के 72 गांवों में रात में बिजली नौ बजे से ही कटी रही। इस क्षेत्र से जुड़े गांवों के लोगों को परेशान होना पड़ा।

# कविता

## वक्त

कितना भी हो वक्त,
कम है जिंदगी के लिए
वक्त रुकता नहीं है किसी के लिए
खुशियां है पास जिसके
है मौज जिंदगी की
सच पूछिए तो चलता है,
वक्त उसी के लिए
वक्त रुकता नहीं है किसी के लिए...
वक्त की दिशा हो जब विपरीत
समझ में ना आए कोई भी रीत
लगता ठहरा सा कुछ
वक्त उसी के लिए
वक्त रुकता नहीं है किसी के लिए...
घड़ियां जब भी आती है दुरूख की
आंखों में नींद भी आती नहीं
कैसे गुजारे समझ में ना आए
रुक सा जाता है कुछ
वक्त सभी के लिए
वक्त रुकता नहीं है किसी के लिए....
परीक्षाएं होती है जब कोई
वक्त होता है जहां निर्धारित सा
अब तो रोके से भी रूकता नहीं
कम ही क्यों लगता है
वक्त सभी के लिए
वक्त रुकता नहीं है किसी के लिए...



**सीमा मिश्रा/**
**दैनिक बुद्ध का सन्देश**

# दिशा की बैठक में छाया रहा अधूरी और टूटी सड़कों का मुद्दा

### विकास भवन सभागार में योजनाओं की हुई समीक्षा, अनुपालन समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ कराएं सुनिश्चित : सदर सांसद

देवरिया। विकास भवन सभागार में दिशा की बैठक सलेमपुर के सांसद रविंद्र कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई। इसमें अधिकतर प्रतिनिधियों ने सड़कों का मुद्दा उठाया। कुछ अधिकारियों की लापरवाही को लेकर जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी भी जताई। समय से काम पूरा न होने पर जनप्रतिनिधियों ने अफसरों को डांट भी लगाई। बैठक में माननीय जनप्रतिनिधियों ने जनपद की प्रमुख जर्जर सड़कों के विषय में जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों का जीर्णोद्धार हो चुका है, उनका लोकार्पण कराया जाए। इस दौरान केन्द्र व राज्य सरकार की प्राथमिकता से जुडे योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। सलेमपुर सांसद रविंद्र ने कहा कि दिशा कमेटी के माध्यम से जनपद में हो रहे विकास कार्यों की समुचित निगरानी की जाती है। समिति की बैठक में लिए गए निर्णय का पालन हर हाल में किया जाए। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी एक दूसरे के विरोधी नही, बल्कि पूरक हैं। दोनों को मिल कर जनहित में कार्य करना चाहिए। सांसद सदर डॉ. रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि दिशा समिति का लक्ष्य विधायिका एवं कार्यपालिका में समन्वय स्थापित कर केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को वास्तविक स्वरूप देना है। ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने सलेमपुर तहसील से जुडे विभिन्न मुद्दों की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि सलेमपुर विधानसभा में जल निगम के बनाई गई पानी की टंकियों की सूची उपलब्ध कराई जाए। विधायक बरहज दीपक मिश्रा शाका ने करुअना–मगहरा मार्ग की मरम्मत का मुद्दा उठाया, जिस पर समिति के अध्यक्ष ने लोक निर्माण विभाग को 30 अप्रैल तक प्रत्येक दशा में मार्ग की मरम्मत करने का निर्देश दिया। विधायक रुद्रपुर जय प्रकाश निषाद ने 2008 से 2011 के मध्य निर्मित काशीराम आवास योजना के तहत रिक्त आवासों की सूची मांगी। उन्होंने कहा कि भैसही, रुद्रपुर सहित विभिन्न स्थानों पर काशीराम आवास योजना के तहत बने घरों का कोई उपयोग नही हो रहा है, इससे स्पष्ट हो रहा है कि परियोजना में धन का व्यापक अपव्यय किया गया है। सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने मेडिकल कालेज एवं सरकारी चिकित्सालयों में सक्रिय दलालों के विरुद्ध अभियान चलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेज सहित विभिन्न सीएचसी में दलालों का एक वर्ग सक्रिय है, जो गरीब मरीजों को निजी अस्पतालों में भेजने के लिए मजबूर करता है। विधायक भाटपाररानी सभा कुंवर ने विद्युत विभाग के रिवैम्प योजना के अन्तर्गत जर्जर विद्युत तारों को बदलने की मांग की। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि बैठक में जनप्रतिनिधियों की समस्याओं व शिकायतों का निस्तारण कराया जायेगा। सकारात्मक सुझावों पर तुरंत कार्य किया जाएगा। अधिकारी टीम वर्क से कार्य कर जनपद को विकास में सर्वश्रेष्ठ बनाये रखने के लिए कार्य करेगें। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार, एमएलसी प्रतिनिधि राजू मणि, अंगद तिवारी, सीएमओ डॉ राजेश झा, डीएफओ जगदीश आर, जिला विकास अधिकारी रवि शंकर राय, उप निदेशक कृषि विकेश कुमार पटेल, डीपीआरओ अविनाश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्णकांत राय, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी एके सिंह, डीआईओएस विनोद राय अन्य अधिकारी गण, क्षेत्र पंचायत प्रमुखध्प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय विराट किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का सन्देश







भनवापुर,सिद्धार्थनगर। कृषि विज्ञान केंद्र सोहना सिद्धार्थनगर द्वारा इन सीटू फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत दो दिवसीय विराट किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया दो दिवसीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन श्याम धनीराही विधायक कपिलवास्तु नें फीता काट कर शुभारंभ किया किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि श्याम धनीराही नें किसान मेले में लगी प्रदर्शनी का बारीकी से अवलोकन कर किसानों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी मेले के विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर आर आर सिंह आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या नें किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी प्रदीप कसौधन जिला पंचायत सदस्य नें किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़ने का किसानों से आग्रह किया केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ.ओम प्रकाश नें केंद्र द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी वैज्ञानिक डॉ प्रदीप कुमार ने फसलों में कीट एवं रोगों के नियंत्रण के बारे में किसानों को बताया द्य वैज्ञानिक डॉ एस एन सिंह नें किसानों को किसान उत्पादक संगठन कैसे बनाये और उसके लाभ के बारे में बताया वैज्ञानिक डॉ. सर्वजीत ने बीज उत्पादन तकनीक के बारे में विस्तृत चर्चा की वैज्ञानिक डॉक्टर प्रवेश कुमार नें प्राकृतिक खेती एवं मृदा स्वास्थ्य को अच्छा बनाने के बारे में किसानों को बताया द्य डॉ एस के मिश्रा ने समसामयिक विषय पर चर्चा की एवं किसानों को गेहूं की फसल कटाई के बाद फसल योजना के बारे में चर्चा की हरी खाद के प्रयोग एवं लाभ के बारे में बताया एवं डॉ मार्कंडेय सिंह ने काला नमक धान के बारे में जानकारी दी एवं आम की फसल में लगने वाले रोगों कीटों के नियंत्रण के बारे में जानकारी दी नीलम सिंह, दीप नारायण सिंह एवं जय प्रकाश द्विवेदी भी मेले में उपस्थित रहे किसान मेले में कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं अन्य से संबंधित नवीन तकनीकों एवं नवाचारों का प्रदर्शन देशभर से आए कृषि शोध संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों, सरकारी विभागों, निजी कंपनियों आदि के द्वारा किया जाएगा किसान मेले में विभिन्न फसलों के उन्नतशील प्रजातियों बीज भी उपलब्ध होंगे और सब्जी एवं फल के पौधों की नर्सरी भी उपलब्ध होगी किसान मेले में देशभर के प्रतिष्ठित कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा खेती–बाड़ी एवं संबंधित क्षेत्रों पर व्याख्यान होंगे एवं किसान वैज्ञानिक परिचर्चा का भी आयोजन किया जाएगा और किसानों को मेला एवं उद्योग प्रदर्शनी में नई नई तकनीक की जानकारी भी दी जाएगी। मेले में किसानों द्वारा खेती तथा संबंधित क्षेत्रों से जुड़ी समस्याएं लेकर जाएंगे और उनका वँहा निदान भी किया जाएगा मेले में पशु प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा मेले में मोरध्वज, शालिग्राम चौधरी, जो खाई प्रसाद, रामचंद्र, प्रदीप कुमार, नंदराम, राम उजागीर, संतोष मिश्रा, सिपील सार्जन, कृष्णा लाल चौधरी, राधे श्याम, नीतू सिँह, कविता सिंह, अंकिता सिंह, अनीता, कविता, लाली आज किसानों ने प्रतिभाग किया।

# सांसद ने किया लोकसभा में रिंग रोड बनाने की मांग

सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी के सांसद जगदंबिका पाल ने लोकसभा में नियम 377 के तहत अपने संसदीय क्षेत्र सिद्धार्थनगर में रिंग रोड बनाने की मांग किया। सांसद ने कहा की सिद्धार्थनगर भगवान बुद्ध के जन्म स्थान के रूप में विश्व भर में सुप्रसिद्ध है जहां उन्होंने अपने जीवन के पहले 29 वर्ष बिताए थे। साथ ही उन्होंने कहा की सिद्धार्थनगर को नीति आयोग के द्वारा लोगों की सामाजिक आर्थिक स्थिति के आधार पर 112 आकांक्षी जिलों के रूप में भी पहचाना गया है। सांसद जगदंबिका पाल ने आगे कहा की वो सिद्धार्थनगर के लोग के तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सिद्धार्थनगर को एक आकांक्षी जिले के रूप में पहचानने और जिले में विकास और समृद्धि लाने के लिए उनके राष्ट्रीय प्रयासों और दृष्टि और नेतृत्व प्रदान करने के लिए बहुत सराहनीय और आभारी हैं। आगे जगदंबिका पाल जी ने कहा की प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 2024 तक भारत की सड़कों और राजमार्गों को अमेरिका की तरह बनाने के संकल्प को जल्द ही पूरा किया जा रहा है । इसी सकल्प को ध्यान रखते हुए उन्होंने कहा की वो सरकार से अनुरोध करते है कि सिद्धार्थनगर जिले में सिद्धार्थनगर के बाहरी इलाके में रिंग रोड बनाने की आवश्यकता है। रिंग रोड बन जाने से शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या दूर होगी और पर्यटकों को सुगमता से यात्रा करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही रिंग रोड सिद्धार्थनगर के आसपास के जिलों को जोड़ने में भी मदद करेगा और यात्रियों के लिए यात्रा के समय को कम करेगा।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर राकसंप ने ज्ञापन सौपा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। पुरानी पेंशन बहाली समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में शंखनाद रैली







आयोजित कर प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी को पुरानी पेंशन बहाली सहित 11 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में अपर उपजिलाधिकारी जिलाधिकारी विकास कश्यप को सौंपा गया कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार जायसवाल एवं संचालन जिला मन्त्री राजेश कुमार मिश्र द्वारा किया गया।कर्मचारी नेता द्वय ने बताया कि प्रदेश में 01–04–2005 के बाद नियुक्त कर्मचारी और शिक्षकों की पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल की जाय, आउट सोर्सिंग तथा संविदा कर्मियों को नियमित कर 20000 रुपया मानदेय दिया जाय, ग्राम विकास अधिकारी तथा ग्राम पंचायत अधिकारी की शैक्षिक योग्यता स्नातक तथा ग्रेड पे 2800 किया जाय, ग्रामीण सफाई कर्मियों की सेवा नियमावली बनाई जाय, लेखपाल तथा राजस्व संग्रह अमीन की पदोन्नति शीघ्र करने सहित कुल 11 सूत्रीय माँग पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम को कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम करन गुप्ता,जिलामंत्री कैलाल मणि त्रिपाठी, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा, गणेश चन्द्र मिश्र,जिला मंत्री कलीमुज्जफर,उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, संरक्षक सतीश चन्द्र त्रिपाठी, ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रणजीत कुमार गौतम, ब्लाक अध्यक्ष शोभनाथ साहू, ग्राम रोजगार सेवक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार मिश्रा, मनरेगा वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष भीखा सिंह यादव, ग्राम विकास अधिकारी संघ के संयुक्त मन्त्री जय सिंह गुप्ता, वीरेन्द्र कुमार, अंकित कुमार शुक्ल, राकेश पाठक, शकील अहमद, अजहरुद्दीन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार दूबे आदि ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अधिकतर समितियों पर निर्विरोध चुने गए अध्यक्ष

### आपसी सामंजस्य बनाकर हुआ निर्वाचन, समर्थकों ने जाहिर की खुशी

महराजगंज। जिले में साधन सहकारी समितियों के चुनाव में अधिकतर जगह सभापतियों का निर्विरोधा निर्वाचन हुआ। चिउटहा प्रतिनिधि के अनुसार गोपाला में साधन सहकारी समिति के चुनाव में सदन यादव सभापति पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए। सिसवा बाजार प्रतिनिधि के अनुसार किसान सेवा साधन सहकारी समिति लिमिटेड बीजापार बीजापार राकेश उर्फ पप्पू दूबे व बरवां द्वारिका समिति के लिए रणजीत निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए। घुघली प्रतिनिधि के अनुसार साधन सहकारी समिति भुवनी में अध्यक्ष पद के लिए शकुंतला देवी, उपाध्यक्ष पर गोमती उर्फ ज्ञानती देवी निर्वाचित हुई। चौमुखा साधन सहकारी समिति पर निर्विरोध अध्यक्ष श्रीपति सिंह तथा उपाध्यक्ष सूर्यमन चौधरी चुने गए।

मंगलपुर पटखौली साधन सहकारी समिति पर भी निर्विरोध अध्यक्ष अविनाश पटेल तथा उपाध्यक्ष सुरेंद्र मिश्र निर्वाचित हुए। साधन सहकारी समिति बेलवा टीकर में भी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रामानंद मौर्य व उपाध्यक्ष बनारसी निर्विरोध चुने गए हैं। मटकोपा साधन सहकारी समिति पर अध्यक्ष पद के लिए उमा सिंह व उपाध्यक्ष पद के लिए संतोष कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। साधन सहकारी समिति मिर्जापुर पकड़ी में अध्यक्ष पद के लिए कमलावती देवी व उपाध्यक्ष के लिए मुंशी रजा निर्विरोध निर्वाचित हुए। पौहरिया साधन सहकारी समिति में अध्यक्ष बिपिन बिहारी व उपाध्यक्ष मालती देवी चुनी गई।

बृजमनगंज प्रतिनिधि के अनुसार साधन सहकारी समिति शाहाबाद के अध्यक्ष पद के लिए योगेंद्र यादव निर्विरोध निर्वाचित हुए। बरगदवा प्रतिनिधि के अनुसार साधन सहकारी समिति देवघट्टी से सभापति श्रीपत यादव निर्विरोध निर्वाचित हुए तथा उप सभापति रामचंद्र गिरी चुने गए। मिठौरा प्रतिनिधि के अनुसार साधन सहकारी समिति भागाटार में मीरा देवी, साधन सहकारी समिति मोहनापुर में उर्मिला देवी, साधन सहकारी समिति जगदौर करुणेश वर्मा, साधन सहकारी समिति मधुबनी में सन्तमुनि त्रिपाठी,साधन सहकारी समिति औराटार में धर्मेन्द्र पटेल,साधन सहकारी समिति टीकर में शैलेश, साधन सहकारी समिति चौक में गिरिजेश गुप्ता, साधन सहकारी समिति पनेवा–पनेई में शैलेन्द्र पटेल, साधन सहकारी समिति विश्वनाथपुर पडवनिया में अमित सिंह ने निर्विरोध सभापति के पद पर निर्वाचित हुए। साधन सहकारी समिति दरहटा में आशा देवी ने मतदान के माध्यम से सभापति के पद पर अपना कब्जा जमाया। निचलौल प्रतिनिधि के अनुसार साधन सहकारी समिति रूद्रौली के अध्यक्ष पद पर गया प्रसाद चौधरी और उपाध्यक्ष पद पर अम्बरीष, साधन सहकारी समिति गड़ौरा के अध्यक्ष पद पर सुभाष और उपाध्यक्ष पद पर सौकत अली, सहकारी समिति अरदौना के अध्यक्ष पद पर गोपाल सिंह और उपाध्यक्ष पद पर लक्ष्मी, सहकारी समिति बिसोखोर के अध्यक्ष पद पर गुलाइची देवी और उपाध्यक्ष पद पर महंथ सिंह, सहकारी समिति भारत खंड पकड़ी के अध्यक्ष पद पर श्रीकांत और उपाध्यक्ष पद पर श्रीनिवास शुक्ला को निर्विरोध चुना गया है। सहकारी समिति बढ़या का अध्यक्ष सुरेन्द्र राजभर और उपाध्यक्ष श्रीमती उर्मिला सिंह, किसान सेवा सहकारी समिति निचलौल का अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा देवी, सहकारी समिति बैठवलिया का अध्यक्ष राजेश यादव और उपाध्यक्ष बिक्कन, सहकारी समिति बेलवां का अध्यक्ष सबीना खातून और उपाध्यक्ष सहिबुन खातून को चुना गया है।

# अनुभवी ग्रामीण चिकित्सकों का सेमिनार हुआ संपन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। रूरल हेल्थ वेलफेयर सोसाइटी एवं संयुक्त चिकित्सा मित्र मोर्चा के तत्वावधान में अनुभवी ग्रामीण चिकित्सकों का सेमिनार एवं होली मिलन समारोह रामलीला मैदान रावर्ट्सगंज में संपन्न हुआ जिसमें चिकित्सकों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिल बधाई देने का काम किया। सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ0 के0 एन0 पांडेय निदेशक मैक्सवेल हॉस्पिटल वाराणसी ने कहा कि जब पूरा देश कोरोना जैसी महामारी से जूझ रहा था उस समय यही अनुभवी ग्रामीण चिकित्सक लोगों के भगवान साबित हुए थे अनुभवी ग्रामीण चिकित्सक अपनी जान की परवाह न करते हुए लोगों की जान बचाई बदले में तमाम चिकित्सकों ने अपनी जान गवा बैठे इसलिए सरकार से मांग है कि अनुभव के आधार पर चिकित्सा कार्य कर रहे चिकित्सकों को कोरोना योद्धा पुरस्कार से सम्मानित करते हुए 06 माह से 01 वर्ष का प्रशिक्षण देकर प्राथमिक उपचार करने के लिए अनुमति प्रदान करें।



विशिष्ट अतिथि डॉक्टर डॉक्टर लोकपति सिंह डॉक्टर राजकुमार आजाद पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा एव पंचशील हॉस्पिटल रावर्ट्सगंज के प्रबंधक पवित कुमार मौर्य ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी सरकार आबादी के अनुपात में चिकित्सक नहीं बना पाई परंतु अनुभवी ग्रामीण चिकित्सको का जांच के नाम पर उत्पीड़न किया जा रहा है यदि अनुभवी ग्रामीण चिकित्सक चिकित्सा कार्य करना बंद कर दे तो सरकार की व्यवस्था 24 घंटे में फेल साबित हो जाएगी व पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा जाएगी इसलिए अनुभवी ग्रामीण चिकित्सकों का उत्पीड़न तत्काल बंद करते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार करने की छूट दी जाए जो जनहित में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रूरल हेल्थ वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर ओ0 पी0 सिंह मौर्य एव प्रदेश महासचिव डॉ0 बी0 आर0 मौर्य ने अनुभवी ग्रामीण चिकित्सको के लिए आर0 एम0 पी0 को मान्यता दिए जाने, अनुभवी ग्रामीण चिकित्सकों को चिकित्सा क्षेत्र में रोजगार दिए जाने , अनुभवी ग्रामीण चिकित्सकों को 15 सौ की आबादी पर एक चिकित्सा मित्र बनाए जाने , वैद्य विशारद एवं आयुर्वेद रत्न को मान्यता दिए जाने इलेक्ट्रो होम्योपैथ पद्धति को मान्यता दिए जाने की मांग किया व कहा कि यदि सरकार ऐसा कार्य करती है तो प्रदेश में लाखों लोगों को रोजगार मिल जाएगा आगे प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यदि सरकार द्वारा उत्पीड़न तत्काल बंद नहीं हुआ तो अनुभवी ग्रामीण चिकित्सक जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी । सेमिनार को डॉ0 अखिलेश पटेल ड़ा0 भूपेंद्र कुमार पाठक डॉ0 पी0 के0 सिंह डॉ0 पी0 के0 प्रजापति डॉ0 पी0 के0 विश्वास डॉक्टर संजय कुमार सिंह, डॉ0 आर0 एन0 भारती डॉ0 हीरालाल डॉ0 वीरेंद्र चक्रवर्ती, अनिल सिंह मौर्य डॉ0 राजेन्द्र सिंह पटेल डॉ0 दिनेश ने भी संबोधित किया मनार में हरिहर सिंह चौहान डॉ0 एम0 पी0 यादव डॉ0 अनिल विश्वकर्मा चौधरी यशवंत सिंह डॉ0 जगदीश सिंह डॉ0 रामअशीष सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ ओ0 पी0 सिंह मौर्य एवं संचालन जिला अध्यक्ष डॉ0 आर0 ए0 चौहान ने किया।

## मोटराइज्ड ट्राई सायकिल जांच शिविर का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विद्या देवी ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार विकासखंड परिसर रावटसगंज में मोटराइज्ड ट्राई साइकिल एवं सहायक उपकरण हेतु चिन्हित जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें आर्थोपेडिक सर्जन महेंद्र कुमार बिंद्र द्वारा 52 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल हेतु परीक्षण किया गया जिसके सापेक्ष मोटराइज्ड ट्राई साइकिल हेतु 45 पात्र और 7 लोग अपात्र पाए गए, 10 ट्राई साइकिल 02 ब्लाइंड स्टिक व 04 कृत्रिम पैर हेतु चिन्हित किए गए स उक्त शिविर में उमेश सिंह खंड विकास अधिकारी रावटसगंज, कार्यालय के कार्मिक श्यामल कुमार गांगुली, राजकुमार विनय मोहम्मद ताल्हा मौजूद रहे।

## अबैध परिवहन रोकने के लिये चला अभियान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन रोकने हेतु चला अभियान अवैध परिवहन और ओवर लोडिंग करने वाले 78 गाड़ियों का चालान कर, 22 वाहनों को सम्बन्धित थानों को अभिरक्षा हेतु किया गया सुपूर्द शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) के नेतृत्व में 18 मार्च को अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध मे सघन जाँच किया गया, जिसमे कुल 78 वाहनों को ओवरलोड होने के कारण एम0चेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया, जिसमे 22 वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान बनाये सफल:जिलाधिकारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की आध्यक्षता में सोमवार



को कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की बैठक की गयी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 से 30 अप्रैल तक एवं दस्तक अभियान 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक, 2023 चलाया जायेगा, इस दौरान जिलाधिकारी ने चलने वाले अभियान की तैयारियों के सम्बन्ध में भी समीक्षा की, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान में जिन विभागों के जो भी जिम्मेदारियां दी गयी है, वह उसका निर्धारित समय के अन्तर्गत पालन कराना सुनिश्चित करेंगें। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के नियंत्रण करना हम सभी की जिम्मेदारी बनती है, उन्होंने कहा कि अपने आस–पास साफ–सफाई, कचरा निस्तारण व जल भराव को रोकने तथा शुद्ध पेयजल के इस्तेमाल पर विशेष ध्यान दिया जाय, उन्होंने कहा कि नगर पालिका शहरी क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में जल की शुद्धता की भी समय–समय पर जॉच करा ली जाये, क्योंकि दूषित पानी पीने से कई तरह की बीमारियां होने की संभावना बनी रहती है, इसके लिए उन्होंने जिला विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि दूषित जल की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल संज्ञान लेकर उसकी जॉच कराकर आवश्यक प्रबन्धा सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा इस अभियान में शिथिलता या लापरवाही बरती जायेगी, उनकी जिम्मेदारी तय करते हुए उचित कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि उक्त अभियान को सफल बनाने में ग्राम प्रधान भी बढ़–चढ़कर अपनी भागीदारी को निभायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आर0जी0 यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारीगण, ए0डी0ओ0 पंचायतगण सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# किसानों के फसलों की क्षति को 48 घंटे में पूरा करते हुए प्रस्तुत करें आख्या: जिलाधिकारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जनपद में 19 मार्च, को हुई भारी बारिस के दौरान कई स्थानों पर पड़े ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त हुई फसलों के मद्देनजर जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने सोमवार को ग्राम पंचायत बभनौली कला के राजस्व ग्राम बभनौली कला एवं महोखर में गेंहू व सरसों सहित अन्य फसलों का खेतों में जाकर स्थलीय निरीक्षण किया, इस दौरान जिलाधिकारी को अपने बीच पाकर किसान व ग्रामीणजन राहत महसूस किया और नुकसान हुए अपने फसल की स्थिति से अवगत कराया, जिस पर जिलाधिकारी ने स्वयं खेतों में जाकर नुकसान हुए फसल को देखा और सहानुभूति व्यक्त करते हुए कहा कि दैवीय आपदाध्ओलावृष्टि के कारण इस क्षेत्र में फसल को काफी क्षति पहुंची है। जिलाधिकारी ने इस आपदा से प्रभावित सभी लोगों के फसलों और आवास की क्षति का आंकलन करने व रिपोर्ट भेजने के लिए समस्त उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किया है। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि ओलावृष्टि से जो नुकसान हुआ है, खासतौर से सरसों व गेंहू व अन्य फसल हैं, जिसके लिए तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में व उप निदेशक कृषि के नेतृत्व में टीम बनायी गयी है, जिसका आकलन किसानों के खेतों में जाकर कर रहे हैं और सर्वे के बाद रिपोर्ट बनाकर आगे की कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। राजस्व ग्राम महोखर में ओलावृष्टि से नुकसान फसल के किसान रामजन्म विश्वकर्मा, कन्हैया लाल विश्वकर्मा, मदन प्रजापति, अमरनाथ विश्वकर्मा, घनश्याम निषाद, महेंद्र निषाद, फूल कुमार निषाद, भरत विश्वकर्मा, जटाशंकर विश्वकर्मा सुरेंद्र साहनी, सुरेश मौर्य, दिलीप गुप्ता और बभनौली कला के पुष्पा मौर्या अरुण मौर्य का घर तथा मिट्ठू प्रसाद, सोमरी देवी, संदीप, प्रदीप, शिव प्रकाश निवासी चंदुली की फसल क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने बभनौली व महोखर गांव का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर रमेश कुमार, उप निदेशक कृषि को निर्देशित करते हुए कहा कि ओलावृष्टि के कारण हुई हानियों का मूल्यांकन करते हुए पीड़ित किसानों को तत्काल कार्यवाही करते हुए आपदा राहत दिलाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि क्षेत्रीय लेखपालों तथा कृषि विभाग और फसल बीमा की टीम को सभी किसानों के फसलों की क्षति की मौके की जांच कर उन लोगों को मुआवजा दिलाने की कार्यवाही 48 घंटे में पूरा करते हुए आख्या तलब करने के निर्देश दिये गये।



## राज्य मंत्री ने किया लाभार्थियों को टूल किट्स का बितरण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। राज्यमंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार



गौंड़ व जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह द्वारा सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक जनपद एक उत्पाद टूल किट प्रशिक्षण योजनान्तर्गत दस दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके जिले के लाभार्थियों को कालीन टूल किट्स का वितरण किया गया। इस दौरान मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार जिले के विकास के लिए तत्पर है, जिले में कालीन उद्योग को बढ़ावा के लिए लोगों को प्रशिक्षण कराकर टूल किट्स का वितरण कर रही है, जिससे यहां के लोगों रोजगार से जोड़ने का काम कर रही है और कालीन क्षेत्र में काम करने वाले लोग आत्मनिर्भर के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। कालीन के टूल किट्स वितरण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, मुख्य चिकित्साधिकारी, उपायुक्त उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र राजधारी गौतम सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## करमा में हुआ ग्राम समाधान दिवस का आयोजन, सुनी गयी समस्या

दैनिक बुद्ध का सन्देश

करमा/सोनभद्र। ग्राम समाधान दिवस पर करमा ग्राम सचिवालय पर समाधान दिवस में एक आवेदन प्राप्त हुआ जिसका मौके पर निस्तारण कर दिया गया ।ग्रामीणों ने नोडल अधिकारी खंड विकास अधिकारी रवि कुमार से नमामि गंगे योजना के तहत पाइपलाइन बिछाते समय गांव की गली की खुदाई कर दी गई थी जिसमें खरंजा का ईट उखड़ गया था। और जलजमाव हो रहा था जिस को ठीक कराने की मांग कर रहे थे खंड विकास अधिकारी ने संबंधित को बुलाकर ठीक कराने के लिए तुरंत कहा और मौके पर काम शुरू करा दिया गया। उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान विनोद जायसवाल, सचिव स्मिता यादव, लेखपाल आशीष पाठक ,आशा, आंगनवाड़ी ,स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एकलव्य नि:शुल्क कोचिंग में 10 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आकांक्षी जनपद सोनभद्र में ''सोनभद्र एकलव्य (नीटध्जेई)'' नि:शुल्क कोचिंग योजना वर्ष–2022–23 से पंचायत रिसोर्स सेन्टर विकास भवन लोढ़ी सोनभद्र में संचालित है, जिला प्रशासन सी0एस0आर0 के सहयोग से उक्त नि:शुल्क कोचिंग द्वारा जनपद के मेधावी छात्र–छात्राओं को इंजीनियरिंग व मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं की नि:शुल्क तैयारी के लिए गुणवत्ता पूर्ण कोचिंग प्रदान कर रहा है। नि:शुल्क कोचिंग में 100 सीट जेई व 100 सीट नीट का नया बैच शुरू किया जा रहा है। जिसमें छात्र–छात्राओं को मेरिट के अनुसार चयनित किया जायेगा। सोनभद्र एकलव्य (नीटध्जेई) नि:शुल्क कोचिंग में प्रवेश के लिए जनपद के प्रतिभाशाली गरीब इच्छुक छात्र–छात्राएं आनलाईन व आफलाइन (कोचिंग सेन्टर से) आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सोनभद्र एकलव्य (नीटध्जेई) नि:शुल्क कोचिंग में प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र–छात्राएं जनपद सोनभद्र के अधिकारिक वेबसाइट ीजजचेरूध्ध्वदइींकतं. दपब.पदध्मकनबंजपवद पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर वहां उपलब्ध आवेदन पत्र के माध्यम से 10 अप्रैल, 2023 तक आवेदन कर सकते हैं।

## तियरा स्टेडियम का जिलाधिकारी नें किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने विशिष्ट स्टेडियम



तियरा में 22 से 25 मार्च, 2023 तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय तीरंदाजी व प्राइज मनी प्रतियोगिता के तैयारियों के सम्बन्धा में निरीक्षण किया गया, इस दौरान जिलाधिकारी ने खेल–कूद के सामग्री व उसके रख–रखाव, खेलने के मैदान, आवास आदि जायजा लिया, इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर से आने वाली खिलाड़ियों के टीमों को ठहरने व अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं क लिए जायें, जिससे उनको किसी तरह की समस्या न होने पाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि हाईवे मेन रोड से स्टेडियम तक आने वाली सड़क काफी खराब है, जिसके मरम्मत हेतु प्रस्ताव पास कराकर सड़क के मरम्मत का कार्य करा लिया जाये, जिससे स्टेडियम में आने–जाने वाले लोगों को कठिनाईयों का सामना न करना पड़ें। इस दौरान स्टेडियम में कुछ लड़के व लड़कियों द्वारा तीरंदाजी की प्रैक्टिस करते पाये गये, जिनसे जिलाधिकारी ने वार्ता कर स्टेडियम में दी जा रही व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की,इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा पाया गया कि तीरंदाजी के प्रैक्टिस में रिकर्व के दो और इण्डियन के ज्यादा धनुष से युवक व युवतियों द्वारा प्रेक्टिस किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने रिकर्व धनुष स्टेडियम के बच्चों के लिए मुहैया कराने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, डिप्टी कलेक्टर निखिल कुमार यादव, जिला क्रीड़ाधिकारी डी0पी0 सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# कार्यालय नगर पंचायत शोहरतगढ़ बाजार सिद्धार्थनगर



योगी आदित्यनाथ
माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

आज़ादी का अमृत महोत्सव
स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ सर्वेक्षण 2023



श्री ए०के० शर्मा
माननीय मंत्री, नगर विकास एवं ऊर्जा, उत्तर प्रदेश सरकार

मैं भी 10 तक
स्वच्छता परमो धर्मः






मै प्रतिदिन प्रातः 10 बजे तक अपने घर/व्यवसायिक स्थल
का कूड़ा अलग अलग कर (गीला और सूखा)
वेस्ट कलेक्टर को देने की शपथ लेता हूँ।

आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़
जनपद- सिद्धार्थनगर

नवीन कुमार सिंह
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत शोहरतगढ़

उमाशंकर
प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय
अपर जिलाधिकारी ,सिद्धार्थनगर

संजीव रंजन
जिलाधिकारी
सिद्धार्थनगर

# कार्यालय नगर पंचायत बढ़नी बाजार सिद्धार्थनगर

स्वच्छ बढ़नी बाजार — स्वस्थ बढ़नी बाजार

## नगर पंचायत बढ़नी बाजार

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ सर्वेक्षण 2023
SWACHH SURVEKSHAN 2023

मेरा कूड़ा मेरी जिम्मेदारी
स्वच्छता ही सेवा




नगर पंचायत बढ़नी बाजार में साफ सफाई से संबंधित समस्याओं की शिकायत हेतु भारत सरकार द्वारा निर्मित स्वच्छता ऐप डाउनलोड कर शिकायत दर्ज करें अथवा टोल फ्री नं० 1533 पर शिकायत करें।

**स्वच्छता ऐप डाउनलोड करने की विधि-**

1. अपने फोन में प्ले स्टोर खोलें।
2. उसमें Swachhata-MoHUA लिखकर सर्च करें।
3. Swachhata-MoHUA ऐप को इन्स्टॉल करें।
4. Swachhata-MoHUA ऐप पर अपना मोबाइल नं० रजिस्टर करें।




**स्वच्छता ऐप पर शिकायत करने की विधि-**

1. स्वच्छता ऐप खोले और Post a complaint पर क्लिक करें।
2. शिकायत का प्रचार चुने।
3. फिर अगले पेज पर जानकारी डाले एंव Add a photo पर क्लिक कर फोटो खींचकर अपलोड़ करें।
4. उसके बाद Done पर क्लिक करें और आपकी शिकायत दर्ज हो जायेगी।

नवीन कुमार सिंह
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बढ़नी

उमाशंकर
प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय
अपर जिलाधिकारी ,सिद्धार्थनगर

# कार्यालय नगर पंचायत बढ़नी बाजार सिद्धार्थनगर

स्वच्छ बढ़नी बाजार — स्वस्थ बढ़नी बाजार

## नगर पंचायत बढ़नी बाजार

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर
मेरा कूड़ा मेरी जिम्मेदारी
स्वच्छता ही सेवा
स्वच्छ सर्वेक्षण 2023
SWACHH SURVEKSHAN 2023

1. स्वच्छता सम्बन्धित शिकायतों के लिये प्ले स्टोर से स्वच्छता ऐप (MoHUA APP ) को डाउनलोड कर प्रयोग करे।
2. कूड़े को सड़क ,नाला व नाली में न फेकें उसे कूड़ेदान में ही डाले।
3. अपने घरों,दुकानों का कूड़ा निर्धारित समय पर कूड़ा एकत्रित करने वाले सफाई कर्मचारियों को उपलब्ध कराएं।
4. अपने घरों से निकलने वाले गीले व सुखे कूड़े को अलग. अलग करके ही कूड़े वाले गाड़ी मे डाले डोर-डोर कूड़ा कलेक्शन में सहयोग करे।
5. सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करे,सामान लाने के लिए कपडे के थैले का प्रयोग करें।
6. नगर को हरा भरा रखने एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रति व्यक्ति एक पेड जरूर लगाएं।
7. पानी की टोटियां खुला न रखे ,जल ही जीवन है इसे संरक्षित करें।
8. संचारी रोगो को फैलने से रोकने के लिए अपने आस पास सफाइ रखें।
9. खूले मे शौच न करे व्यक्तिगत एवं समुदायिक सार्वजनिक शौचालयों का ही प्रयोग करे।
10. घरोंमे बने हुए व्यक्तिगत शौचालयों के टंकी हर तीन साल पर साफ करवाने के लिए टोल फ्री नं0 1533 या नगर निकाय से सम्पर्क करें।
11. घरों से निकलने वाले गीले कूड़े से घर जैविक (खाद कम्पोस्ट) बनाये।
12. नगर से सम्बन्धित शिकायतों के लिये 1533 या e-nagarsewa.up.in पर शिकायत करें।
13. नगर को स्वच्छ स्वस्थ एवं सुन्दर बनाने में नगर पंचायत का सहयोग करें।

नगर पंचायत बढ़नी बाजार में साफ सफाई से संबंधित समस्याओं की शिकायत हेतु भारत सरकार द्वारा निर्मित स्वच्छता ऐप डाउनलोड कर शिकायत दर्ज करें अथवा टोल फ्री नं0 1533 पर शिकायत करें।

**स्वच्छता ऐप डाउनलोड करने की विधि-**

1. अपने फोन में प्ले स्टोर खोलें।
2. उसमें Swachhata-MoHUA लिखकर सर्च करें।
3. Swachhata-MoHUA ऐप को इन्स्टॉल करें।
4. Swachhata-MoHUA ऐप पर अपना मोबाइल नं0 रजिस्टर करें।




**स्वच्छता ऐप पर शिकायत करने की विधि-**

1. स्वच्छता ऐप खोले और Post a complaint पर क्लिक करें।
2. शिकायत का प्रचार चुने।
3. फिर अगले पेज पर जानकारी डाले एंव Add a photo पर क्लिक कर फोटो खींचकर अपलोड़ करें।
4. उसके बाद Done पर क्लिक करें और आपकी शिकायत दर्ज हो जायेगी।

हमारे और आपके इन्ही प्रयासों से नगर पंचायत बढ़नी बाजार साफ एंव सुन्दर होगा तथा स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में उच्च स्थान प्राप्त कर सकेगा।

नवीन कुमार सिंह
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बढ़नी

उमाशंकर
प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय
अपर जिलाधिकारी ,सिद्धार्थनगर